
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 178 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, शुक्रवार 05 जनवरी 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



धर्म वह माना जाता है जिसके द्वारा पाप का नाश हो।
What destroys sin is religion.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ी प्रशासनिक सर्जरी

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने बुधवार देर रात एक बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करते हुए सचिव से लेकर जिला कलेक्टरों का स्थानांतरण किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव अन्वेष धृतलहरे के हस्ताक्षर से यह आदेश जारी किया गया है। सूची में 89 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

### आईएएस के बाद अब आईपीएस अफसरों की बारी, जल्द जारी हो सकता है ट्रांसफर आदेश

**रायपुर (विसं)।** छत्तीसगढ़ में पदस्थ भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के अफसरों के थोक में हुए तबादले के बाद अब भारतीय पुलिस सेवा के अफसरों की बारी है। बताया जाता है कि पुलिस मुख्यालय के साथ ही प्रदेश में पदस्थ आईपीएस अफसरों का ट्रांसफर लिस्ट भी तैयार हो गया है और गृह विभाग कभी भी पुलिस डिपॉर्टमेंट में बड़ी सर्जरी करते हुए आदेश जारी कर सकता है। सीएम साय और गृहमंत्री विजय शर्मा की तरफ से हरी झंडी मिलते ही सूची जारी कर दी जाएगी। इन तबादलों में रेंज आईजी, जिलों के एएसपी और एसपी समेत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के असफर प्रभावित होंगे। बता दें कि सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने 89 आईएएस के तबादले की लिस्ट जारी की है।

## सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने राज्य योजना आयोग की अहम भूमिका,

# प्रभावी योजनाओं और इनके क्रियान्वयन से छत्तीसगढ़ को बनाएंगे अग्रणी राज्य : मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

### लक्ष्यों को प्राप्ति के लिए सभी विभागों की प्रगति की नियमित होनी चाहिए समीक्षा : मंत्री ओ.पी. चौधरी



मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना आयोग के कार्यों की समीक्षा तथा आयोग द्वारा सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) हेतु तैयार की गई रिपोर्ट एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2022 का विमोचन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में पर्याप्त संसाधन हैं और इसके प्रभावी उपयोग के लिए कुशल मानवसंसाधन भी है। राज्य योजना आयोग इनके उपयोग के माध्यम से छत्तीसगढ़ में तेज और संतुलित विकास के लिए प्रभावी योजनाएं तैयार कर रहा है। एसडीजी प्रोग्रेस के माध्यम से जिलों में विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों के बारे में सतत समीक्षा की जा रही है। इसकी समीक्षा करते हुए प्रभावी योजनाओं तथा इनके क्रियान्वयन के माध्यम से हम छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य बनाएंगे। यह बात राज्य योजना आयोग के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य योजना आयोग के कार्यों की समीक्षा के लिए की गई बैठक तथा एसडीजी(सतत विकास लक्ष्य) डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट 2022 के विमोचन के अवसर पर कही। रिपोर्ट में धमतरी, बालोद और रायपुर जिले अग्रणी रहे। मुख्यमंत्री ने इन्हें बधाई दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि छत्तीसगढ़ वन संपदा और खनिज से भरपूर राज्य है। वनोपजों का वैल्यू एडिशन करना है। खनिज संसाधनों के माध्यम से रोजगार के अधिकतम मौके पैदा करना है। सरगुजा और बस्तर जैसे क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष प्रयास करने हैं। वनोपजों में वैल्यू एडीशन किये जाने से इनके संग्राहकों के लिए आय के बेहतर अवसर पैदा होते हैं। मत्स्यपालन जैसे क्षेत्रों में अधिक कार्य किये जाने की आवश्यकता है ताकि कृषि के साथ इस तरह की गतिविधियों में भी जोड़कर किसानों की आय बढ़ाई जा सके।

इस अवसर पर योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु राज्य योजना आयोग द्वारा शोध एवं अध्ययन कार्य तथा नवाचार को प्रोत्साहन देने जैसा कार्य किया गया है। आयोग द्वारा तैयार की गई प्रोग्रेस रिपोर्ट इस संबंध में वर्षवार गोल आधारित एवं जिला आधारित विश्लेषण करती है। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा दी गई गारंटी का इन लक्ष्यों से प्रत्यक्ष संबंध है। सभी विभागों को प्रगति की नियमित समीक्षा करनी चाहिए ताकि लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

उन्होंने प्रधानमंत्री जी की वर्ष 2047 तक विकसित भारत की परिकल्पना तथा देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने की परिकल्पना को साकार करने में छत्तीसगढ़ राज्य का रोडमैप तैयार करने की बात कही। श्री चौधरी ने राज्य के राजस्व को बढ़ाने के उपाय, विभिन्न केन्द्रीय योजनाओं में अधिकाधिक राशि प्राप्ति, विभिन्न स्त्रोतो से वित्त पोषण की संभावना हेतु विचार मंथन साथ ही जिलो में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने एसडीजी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जिलो को पुरस्कार दिये जाने का भी सुझाव दिया।

आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत विकास के लिए जो 17 लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। उन्हें प्राप्त करने के लिए राज्य प्रतिबद्ध है। इसके माध्यम से जिलों की प्रगति के डाटा को एसडीजी डैशबोर्ड के माध्यम से देखा जा सकता है तथा तुलनात्मक प्रगति से अवगत होकर सुधारात्मक कार्यवाही की जा सकती है।

बैठक में आयोग के सदस्य सचिव श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव ने आयोग की मुख्य उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना तथा प्रोग्रेस रिपोर्ट पर विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया।

### एसडीजी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्रेस रिपोर्ट, 2022 छत्तीसगढ़ की मुख्य विशेषता

फ्रंट रनर श्रेणी में 10 से बढ़कर 18 जिले- वर्ष 2021 की स्थिति में 10 जिले- फ्रंट रनर (धमतरी, राजनांदगांव, बालोद, महासमुंद, दुर्ग, बिलासपुर, गरियाबंद, रायपुर, बेमेतरा व सरगुजा) तथा शेष जिले- परफोर्मर श्रेणी प्राप्त किये थे। जिला धमतरी ने सर्वाधिक अंक 72 प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की थी। वर्ष 2022 की स्थिति में 18 जिले- फ्रंट रनर (धमतरी, बालोद, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, कांकेर, रायगढ़, महासमुंद, मुंगेली, गरियाबंद, बेमेतरा, सरगुजा, कोरिया, कबीरधाम, कोरबा, सूरजपुर एवं बलौदा बाजार) तथा शेष जिले- परफार्मर श्रेणी प्राप्त किये हैं। फिर से जिला धमतरी 77 अंक प्राप्त कर प्रथम रैंक हासिल की है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जयपुर आगमन को लेकर बीजेपी कार्यालय में तैयारियां जोरों पर

### प्रदेश कार्यालय में लेंगे संगठनात्मक बैठक



**जयपुर (आरएनएस)।** शहर में 5 जनवरी से लेकर 7 जनवरी तक होने वाले महानिदेशक और महानिरीक्षक सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर भाजपा और प्रशासन दोनों तैयारियों में जुट गए है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय कार्यक्रम के अनुसार भाजपा प्रदेश कार्यालय में 5 जनवरी को सायं विधायकों व पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। इस संबंध में आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, भाजपा संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारियों को पीएम मोदी के कार्यक्रम के संबंध में दिशा-निर्देश भी दिये गये।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयपुर आगमन पर शहर और भाजपा प्रदेश कार्यालय को सजाया जा रहा है। प्रशासन और भाजपा के पदाधिकारी पीएम के कार्यक्रम को लेकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। प्रभु श्री राम मंदिर के शुभारंभ को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 14 से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाने का आह्वान किया है। वहीं प्रदेश भाजपा की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। जिसके तहत तीन दिवसीय सघन स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत तीन दिनों तक विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता अभियान के चलाया जा रहा है। जिसमें शहर के भीतर 2 जनवरी को महापुरूषों की प्रतिमाओं को स्वच्छ किया गया। वहीं अभियान की इस कडी में धार्मिक स्थलों के साथ सार्वजनिक पार्क तक को साफ किया जा रहा है। भाजपा के इस अभियान में बूथ, मंडल और प्रदेश पदाधिकारियों सहित सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हो रहे है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी मतलब कार्य पूरा होने की गारंटी है। राजस्थान में विधानसभा चुनावों के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता को गारंटी दी थी, भाजपा की सरकार बनने के साथ ही मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने उन गारंटियों को पूरा करने की दिशा में कदम उठाया और 450 में रसोई गैस सिलेंडर सब्सिडी योजना से लोगों को लाभान्वित किया। भाजपा सरकार की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शिविर लगाए जा रहे है, जहां अधिक से अधिक संख्या में आयुष्मान भारत योजना सहित मोदी सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोडने का कार्य किया जा रहा है।

# भारत सरकार ने दी छत्तीसगढ़ में 7 नए खेलो इंडिया सेंटर्स की स्वीकृति

**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज केंद्रीय खेल मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने 7 नए खेलो इंडिया सेंटर्स की स्वीकृति दी। खेल मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने इस पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय खेल मंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। खेल सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता ने इस अवसर पर हर्ष व्यक्त किया। खेल संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा ने बताया कि खेल संचालनालय के प्रस्ताव पर पूर्व में 24 जिलों में विभिन्न खेल विधाओं के 24 खेलो इंडिया सेंटर्स की स्वीकृति प्राप्त हुई थी, जिसका क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिला कोंडागांव में तीरंदाजी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में फुटबॉल, गौरेला पेंड्रा मरवाही में कबड्डी, सक्ती में फुटबॉल, कबीरधाम में कबड्डी, कोरिया में बैडमिंटन और मनेंद्रगढ़ भरतपुर-चिरमिरी जिले में कबड्डी खेल की खेलो इंडिया सेंटर्स की स्वीकृति भारत सरकार से प्राप्त हुई है। इस प्रकार अब राज्य के 31 जिलों में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। राज्य के खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण की अधिक सुविधा मिलेगी, राज्य के खिलाड़ियों के लिए यह कदम मील का पत्थर साबित होगा।

# कांग्रेस ने 'भारत न्याय यात्रा' का नाम बदलकर 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' किया

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा**
**मणिपुर से मुंबई तक**
**14 जनवरी-20 मार्च**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने जानकारी देते हुए बताया की आज की बैठक में सभी नेताओं की सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस यात्रा का नाम भारत जोड़ो न्याय यात्रा किया। उन्होंने कहा भारत जोड़ो यात्रा ने देशभर में जो संदेश दिया, हम उसे इस यात्रा की मदद से आगे बढ़ाएंगे।राहुल गाँधी इस यात्रा के दौरान सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय पर अपने विचार जनता के सामने रखेंगे।

जयराम रमेश ने कहा राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 4000 किमी. लंबी भारत जोड़ो यात्रा निकाली गई थी। भारत जोड़ो यात्रा ने पूरे देश का माहौल बदल दिया था और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भर दी थी।ये यात्रा पार्टी और देश के इतिहास में मील का पत्थर साबित हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी को मणिपुर से 6,200 किलोमीटर की भारत न्याय यात्रा की शुरुआत करेंगे। यह यात्रा 14 राज्यों के 85 जिलों को कवर करेगी और 20 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी।पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 14 जनवरी को यात्रा को इंफाल से हरी झंडी दिखाएंगे। न्याय यात्रा देश के लोगों को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक न्याय दिलाने के लिए होगी।

राहुल गांधी 4 राज्यों को कवर करते हुए 6,200 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। इस बार यात्रा का माध्यम बस और पैदल यात्रा होगा। न्याय यात्रा मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र राज्यों को कवर करेगी।

# दूरदर्शन से चर्चा कार्यक्रम : सुशासन के लिए मोदी की गारंटी पर कर रहे काम : विष्णुदेव साय



**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रादेशिक समाचार एकांश दूरदर्शन केंद्र रायपुर के कार्यक्रम चर्चा में के अंतर्गत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के संबंध में चर्चा की। साक्षात्कार के दौरान सुशासन पर प्रदेश में हो रहे काम के संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री का दायित्व संभालने के दूसरे ही दिन पहले कैबिनेट में 18 लाख लोगों के लिए आवास बनाने का निर्णय लिया। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन अटल जी की जयंती के अवसर पर 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल का बोनस दिया। आदिवासियों के लिए प्राथमिकताएं भी मुख्यमंत्री ने बताईं। उन्होंने कहा कि पहली बार प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आदिम जाति कल्याण मंत्रालय का गठन किया। इस मंत्रालय को पर्याप्त बजट दिया ताकि आदिवासी क्षेत्रों का बेहतर विकास हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी के अंतर्गत महतारी वंदन योजना हम लाये हैं एक साल में हम इसके अंतर्गत 12 हजार रुपए देंगे। इसके लिए तीन दिनों के विधानसभा सत्र में अनुपूरक बजट में धन की व्यवस्था कर ली गई है। जल्द ही यह योजना लागू हो जाएगी।

सार्वजनिक जीवन में कैसे आये। इस प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने बताया कि आजादी के बाद सीपी बरार राज्य का गठन हुआ था जिसकी राजधानी नागपुर में थी। इस समय हमारे दादा मनोनीत विधायक थे। बड़े पिता जी भी तपकरा से विधायक रहे। परिवार के एक सदस्य श्री नरहरि प्रसाद साय, श्री मोरारजी देसाई सरकार में केंद्रीय संचार राज्य मंत्री रहे।

दस साल के थे तो पिता जी का साया उठ गया। उस समय नहीं सोचा था कि सार्वजनिक जीवन में आयेंगे। यह जरूर सोचा था कि अच्छे किसान बनेंगे। स्वर्गीय श्री दिलीप सिंह जूदेव जी से काफी मार्गदर्शन लिया। वे आदर्श थे। उन्हें 25 बरसों में कभी नाराज होते नहीं देखा, मैंने उनसे विनम्रता का गुण सीखा है। बालकृष्ण शर्मा भी मेरे आदर्श रहे, लोग उन्हें देवकी महाराज के नाम से जानते थे। वे स्वर्गीय श्री जूदेव जी के गुरु रहे। युवाओं के लिए आप क्या करने जा रहे हैं। इस प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। जब मैं सांसद था तब पहली बार भारत सरकार में कौशल विकास मंत्रालय का गठन हुआ और युवाओं के कौशल विकास का काम शुरू हुआ ताकि युवाओं के लिए नये अवसर पैदा हो सके। ब्लाकवार आईटीआई को मजबूत करेंगे और नये ट्रेड शुरू करेंगे। मोदी की गारंटी के अंतर्गत हमने कहा है कि एक लाख पदों पर भर्ती करेंगे। पीएससी 2021 की परीक्षा की जांच का निर्णय लिया गया है। बीते वर्षों में लाई गई योजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यदि ये योजनाएं छत्तीसगढ़ के हित में हों तो इन्हें बढ़ाएंगे। जशपुर को सुंदर बनाने के लिए क्या योजना है इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि यहां पर पर्यटन के लिए अपार संभावनाएं हैं। यहां ऐसे जंगल है कि भीतर सूरज की रौशनी नहीं पहुंच पाती, बहुत अच्छे जलप्रपात है। इसके लिए हमने कलेक्टर जशपुर को निर्देशित किया है कि जशपुर में पर्यटन संबंधित अन्य गतिविधियों के विकास के लिए रोडमैप तैयार करें।

# भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं, दोषी पाए जाने पर होगी कठोर कार्यवाही : बृजमोहन अग्रवाल

### सीए, सीएस, बैंकिंग, रेलवे समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के नि:शुल्क कोचिंग की होगी व्यवस्था ● 12वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक देने की तैयारी के दिए निर्देश

- अब छत्तीसगढ़ में बनेगा शिमला मनाली के तर्ज पर मॉल रोड, पर्यटन के विकास और प्रचार-प्रसार के निर्देश
- 9वीं के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को मिलेगा अब निःशुल्क सायकल



**रायपुर (विश्व परिवार)।** स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री श्री बृजमोहन अग्रवाल ने महानदी भवन मंत्रालय में मैराथन बैठक की। बृजमोहन अग्रवाल ने प्रदेश हित में बड़े निर्णय लिए। इन निर्णयों में राजिम में कुंभ मेले को भव्य तरीके से मनाने के साथ ही प्रदेश की विरासत सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल करने के साथ ही छत्तीसगढ़ में मैनपाट, चैतुरगढ़ जैसे हिल स्टेशन में शिमला, मनाली के तर्ज पर मॉल रोड बनाया जाएगा, जिससे बड़ी संख्या में टूरिस्ट प्रदेश के सुंदर अद्भुत नजारों को आनंद आधुनिक सुविधाओं के साथ ले सकें। इसके साथ ही कक्षा 9वीं में सभी वर्ग के बच्चों को स्कूल में नि:शुल्क सायकल तथा 12वीं तक पाठ्य पुस्तकों के नि:शुल्क वितरण के भी निर्देश दिए।

**सीए, सीएस, बैंकिंग, रेलवे समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के नि:शुल्क कोचिंग की होगी व्यवस्था :** समीक्षा बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी, पर्यटन, संस्कृति एवं धर्मस्व सचिव श्री पी. अंबलगन, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के सचिव एवं संचालक श्री राजेश सिंह राणा, लोक शिक्षण संचालनालय के संचालक श्री सुनील जैन, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक श्रीमती इफ्फत आरा, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव श्री वी.के. गोयल, एवं उच्च शिक्षा आयुक्त श्रीमती शारदा वर्मा, राज्य पर्यटन प्रबंध संचालक श्री जितेन्द्र शुक्ला, विभाग के प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**भव्य तरीके से आयोजित होगा राजिम कुंभ मेला :** बृजमोहन अग्रवाल ने सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल कराने के लिए जरूरी प्रयास करने एवं राजिम कुंभ मेला की तैयारी के संबंध में जानकारी लेकर इसके आयोजन को भव्य बनाने की व्यवस्था के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। श्री अग्रवाल ने राजिम मंदिर के चारों ओर परिक्रमा पथ बनाने की बात कही है। उन्होंने अधिकारियों को राज्य के मेला महोत्सव को बढ़ावा देने के निर्देश भी जारी किए हैं, ताकि मेला को पर्यटन की तर्ज पर बढ़ावा मिल सके। उन्होंने पर्यटन के प्रचार-प्रसार और विकास को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हम छत्तीसगढ़ में मैनपाट जैसे हिल स्टेशन वाले शहरों में शिमला, मनाली के तर्ज पर मॉलरोड बनाएंगे। सरगुजा के रामगढ़ और चैतुरगढ़ जैसे स्थानों का विकास हिल स्टेशन के रूप में करेंगे ताकि यहां राज्य के साथ-साथ राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों को लुभा सके। श्री अग्रवाल ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य के सभी पर्यटन स्थलों एवं मेले महोत्सवों के विकास पर विशेष ध्यान दें।

### भव्य तरीके से होगा राजिम कुंभ मेला का आयोजन

**सिरपुर को वर्ल्ड हेरिटेज साइट पर शामिल कराने की तैयारी :** बृजमोहन अग्रवाल ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम प्रदेश में पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर व्यवसायों को बढ़ावा देंगे और रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगे। उन्होंने कहा कि हम 'छत्तीसगढ़ राज्य मार्केटिंग सेल' की स्थापना कर राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन में राज्य की छवि को बेहतर कर राज्य की पर्यटन क्षमता को बढ़ाने का काम करेंगे।

उन्होंने घोषणा पत्र में शामिल 'प्रदेशवासियों को श्री रामलला दर्शन' कराने के लिए अधिकारियों को निश्चित कार्ययोजना बनाने के लिए आईआरसीटीसी एवं बस ट्रांसपोर्ट्स, होटल मैनेजमेंट आदि की तैयारी करने और राम वन गमन परिपथ योजना के बारे में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए हैं।

**भर्ती प्रक्रिया में कोताही बर्दाश्त नहीं :** बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बेहतर शिक्षा प्रदान करना हमारा मकसद है। हमारी सरकार किसी भी योजना को लेकर पूर्वाग्रह से कार्य नहीं करेगी। व्यवस्था पहले से बेहतर और स्थाई हो ताकि विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल हो, इसी सोच के साथ हम आगे बढ़ेंगे। श्री अग्रवाल ने विभागों की भर्ती एवं नियुक्ति प्रक्रिया पारदर्शी रखने के संबंध में सख्त हिदायत दी और कहा किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, यदि ऐसा हुआ तो दोषी पाए जाने पर कठोर कार्यवाही होगी। शिक्षा विभाग में पिछली भर्ती में बचे हुए चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की प्रक्रिया को भी जल्द शुरू करने के निर्देश दिए।

**9वीं कक्षा में सभी वर्ग के विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क सायकल :** स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि अब 9वीं के सभी वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च गुणवत्ता के सायकल नि:शुल्क वितरित किए जाएंगे तथा स्कूलों में एयर-पम्प की व्यवस्था भी की जाएगी। श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को 12वीं तक के प्रत्येक विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा के साथ-साथ नि:शुल्क पाठ्य पुस्तक भी देने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्कूल के निर्माण और मरम्मत कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो, सभी निर्माण कार्य समय-सीमा में पूरे हों। इस बैठक में मुख्यमंत्री ज्ञान प्रोत्साहन योजना के तहत अनुसूचित जाति जनजाति के मेधावी छात्रों नियमित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेरिट स्थान पर प्रोत्साहन राशि 15 हजार रूपए से बढ़ा कर 25 हजार रूपए करने का निर्णय भी लिया गया।

**मेरिट के आधार पर शिक्षकों की होगी पोस्टिंग :** श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अब राज्य में सीए, सीएस, बैंकिंग, रेलवे के साथ-साथ सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्ता पूर्ण नि:शुल्क कोचिंग की व्यवस्था होगी। हम सैनिक स्कूल को बढ़ावा देंगे जिससे शिक्षा एवं रोजगार में विस्तार हो सके। शिक्षा मंत्री श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को ये भी निर्देश दिया कि नई नियुक्तियों में ध्यान दे कि शिक्षकों की पोस्टिंग मेरिट के आधार पर आस-पास के जिले में ही हो, जिससे वे पूरी दक्षता के साथ शासकीय दायित्वों का निर्वहन कर सकें। साथ ही हर महीने सभी अधिकारी-कर्मचारियों का वेतन निश्चित अवधि में प्राप्त हो।

**राज्य के पूर्व स्थापित 100 कॉलेजों में अंग्रेजी माध्यम के सेक्शन खोलने की कार्ययोजना बनाने के दिए निर्देश :** उच्च शिक्षा विभाग के समीक्षा बैठक लेते हुए श्री अग्रवाल ने अधिकारियों को कार्यों में तीव्रता लाने के स्पष्ट निर्देश दिए और कहा कि किसी भी फाइल को अधिकारी अपने पास 7 दिन से अधिक न रोकें, ऐसा होने पर उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। श्री अग्रवाल ने रिक्त पदों के लिए भी 7 दिवसों के भीतर भर्ती नियम बनाने और विभागों को जल्द सेटअप रिवीजन करने के निर्देश भी दिए हैं ताकि पदोन्नति, भर्ती, नियुक्ति, ट्रांसफर और सेटअप सब निर्धारित समय-सीमा के भीतर हो जाए। श्री अग्रवाल ने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विश्वविद्यालयों के ग्रेडिंग सुधारने, रिक्त पदों को भरने, कॉमर्स और विज्ञान संकाय को बढ़ावा देने की भी बात कही। साथ ही महाविद्यालयों में बीएससी पाठ्यक्रम में कृषि विज्ञान को सम्मिलित करने की तैयारी के निर्देश दिए। कॉलेजों में सामान्य शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक, नैतिक व आध्यात्मिक शिक्षा को भी बढ़ावा देने पर जोर दिए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएसआर के तहत कॉलेजों के लिए फंड जुटाएं और बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास करें। धन के अभाव में जो विद्यार्थी कॉलेज नहीं आ पाते हैं उन्हें सरकार बस का किराया या पास उपलब्ध कराने की तैयारी के भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

दैनिक
# विश्व परिवार
रायपुर/दुर्ग-भिलाई/बलौदाबाजार
रायपुर, शुक्रवार 05 जनवरी 2024
www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com


## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य भेंट कर विधायक पुरंदर मिश्रा ने भगवान जगन्नाथ की प्रसादी भेंट की



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** दिल्ली प्रवास दौरान रायपुर उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा राष्ट्रपति भवन में भारत के महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान विधायक मिश्रा ने भगवान जगन्नथ के आशीर्वाद स्वरुप उन्हें भगवान जगन्नाथ जी की प्रसादी भेंट की।

### विधायक पुरंदर मिश्रा ने केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से की सौजन्य भेंट



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर नगर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा इन दोनों देश की राजधानी दिल्ली के प्रवास पर हैं। प्रवास के दौरान उन्होंने गुरुवार को देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके शासकीय निवास पर जाकर सौजन्य मुलाकात की। छत्तीसगढ़ के विधायक पुरंदर मिश्रा जब सौजन्य मुलाकात के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के शासकीय आवास पहुंचे तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान विधायक मिश्रा ने भगवान जगन्नथ के आशीर्वाद स्वरुप गमछा पहनाकर उन्हें प्रसादी भेंट की।

### छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष की कमान वीरेंद्र यादव के हाथ



**बीरगांव ( विश्व परिवार )।** बीरगांव नगर निगम क्षेत्र के रावाभाटा ट्रांसपोर्ट नगर में एक निजी कार्यालय में छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन रायपुर का गठन किया गया, जिसमें संस्थापक दिलीप तिवारी एवं सभी सदस्यों के सर्व सहमति से वीरेंद्र यादव को अध्यक्ष एवं संदीप मिश्रा को युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष के रूप में चुना गया। वहीं छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के कोर कमेटी का गठन किया गया, जिसमें उपाध्यक्ष आदर्श सिंह गौतम, उमेश पटेल महामंत्री घनश्याम मिश्रा दिवाकर शुक्ला, महासचिव अजय पांडेय प्रभारी देव पांडेय, कोषाध्यक्ष सोनू राजपूत सचिव उमर अब्दुल्ला खान नीरज तिवारी उमेश चतुर्वेदी अनिल शुक्ला रजनीश तिवारी, सहसचिव सचिन सिंह अमन शुक्ला विपिन मिश्रा एव मीडिया प्रभारी ज्ञानेंद्र तिवारी को बनाया गया। छत्तीसगढ़ ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने अपने उद्बोधन में सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने प्रेरित किया।

# गणतंत्र-दिवस परेड में कर्तव्यपथ पर शामिल होगी छत्तीसगढ़ की आदिम जनसंसद की झांकी

## जगदलपुर का मुरिया दरबार और बड़े डोंगर का लिमऊ राजा होंगे केंद्रीय विषय, 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी चयनित

### अनूठे विषय और डिजाइन ने विशेषज्ञों को रिझाया

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सफलता पर बधाई दी, प्रदेश के लिए बड़ा अवसर बताया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के 28 राज्यों के बीच कड़ी प्रतियोगिता के बाद छत्तीसगढ़ की झांकी बस्तर की आदिम जनसंसद : मुरिया दरबार को इस साल नई दिल्ली में होने वाली गणतंत्र-दिवस परेड के लिए चयनित कर लिया गया है। नई-दिल्ली स्थित कर्तव्यपथ पर होने वाली परेड के लिए 28 में से 16 राज्यों का चयन किया गया है। झांकी का अनूठा विषय और डिजाइन रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति को रिझाने में कामयाब रहा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने राज्य को मिली इस महत्वपूर्ण सफलता पर बधाई दी है, उन्होंने इसे प्रदेश के लिए एक बड़ा अवसर बताया है।

छत्तीसगढ़ की झांकी भारत सरकार की थीम भारत लोकतंत्र की जननी पर आधारित है। यह झांकी जनजातीय समाज में आदि-काल से उपस्थित लोकतांत्रिक चेतना और परंपराओं को दर्शाती है, जो आजादी के 75 साल बाद भी राज्य के बस्तर संभाग में जीवंत और प्रचलित है। इस झांकी में केंद्रीय विषय आदिम जन-संसद के अंतर्गत जगदलपुर के मुरिया दरबार और उसके उद्गम-सूत्र लिमऊ-राजा को दर्शाया गया है। मुरिया दरबार विश्व-प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की एक परंपरा है, जो 600 सालों से चली आ रही है। इस परंपरा के उद्गम के सूत्र कोंडागांव जिले के बड़े-डोंगर के लिमऊ-राजा नामक स्थान पर मिलते हैं। इस स्थान से जुड़ी लोककथा के अनुसार आदिम-काल में जब कोई राजा नहीं था, तब आदिम-समाज एक नीबू को राजा का प्रतीक मानकर आपस में ही निर्णय ले लिया करता था।

झांकी की थीम व डिजाइन स्थानीय स्तर पर वृहद अन्वेषण और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तैयार की गई। इस विषय वस्तु पर आधारित झांकी को पांच चरणों की कठिन प्रक्रिया के बाद अंतिम स्वीकृति मिली है। रक्षा मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति के सामने थीम और डिजाइन के चयन के बाद झांकी का थ्रीडी मॉडल प्रस्तुत किया गया। अंत में संगीत चयन के साथ ही झांकी को अंतिम स्वीकृति मिल गई। झांकी की थीम और डिजाइन ने चयनकर्ताओं को खासा आकर्षित किया।

परेड में शामिल होने वाली झांकियों के लिए सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय मंत्रालय और विभागों से रक्षा मंत्रालय प्रस्ताव मांगता है। इन प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाता है। झांकियों के चयन के लिए विशेषज्ञ समिति के साथ विभिन्न चरणों में कई बैठकें होती हैं। कमेटी में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित व्यक्ति, कोरियोग्राफर आदि शामिल रहते हैं। विशेषज्ञ समिति थीम के आधार पर प्रस्तावों की जांच करती है। सिफारिशें करने से पहले कमेटी द्वारा अवधारणा, डिजाइन और इसके दृश्य प्रभाव पर ध्यान दिया जाता है।

# बीस वर्ष बाद भी सेवा भर्ती नियम नहीं, मानवाधिकार आयोग ने लिया संज्ञान किया नोटिस जारी


THE DEAN MEDICAL COLLAGE, RAIPUR
(C.G.)

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ मानव अधिकार आयोग द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर अधिष्ठाता को नोटिस जारी किया गया है। दरअसल पैरामेडिकल कोर्स ऑडियोलॉजी में 2003 में प्रारंभ किया गया, जिसके 20 वर्ष होने के बाद अब तक सेवा भर्ती नियम नहीं बनाया गया है। ऑडियोलॉजी ऑडियो मैट्रिक टेक्नीशियन पद का एवं बिना मान्यता के भारतीय पुनर्वास केंद्र नई दिल्ली कोर्स संचालित किया गया। मेडिकल कॉलेज रायपुर के द्वारा भारतीय नियम नहीं होने के कारण 50 अधिक अभ्यर्थी बेरोजगार हैं, उम्र सीमा भी पार हो गया कॉलेज प्रबंधन की बड़ी लापरवाही के कारण भविष्य बर्बाद हो गया। अभ्यर्थियों का ऑडियो मैट्रिक टेक्नीशियन का जिम्मेदार केवल अधिष्ठाता रायपुर मेडिकल कॉलेज नाक, कान, गला विभाग अध्यक्ष संचालक चिकित्सा शिक्षा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 309 के तहत अनुच्छेद 14 के तहत मामला दर्ज हुआ। 3 सप्ताह के भीतर जब प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी किया गया है। यह विज्ञप्ति डॉ. नरेश साहू, मेडिकल कॉलेज रायपुर को ऑडियोमेट्री टेक्नीशियन ओमप्रकाश निर्मलकर कवर्धा द्वारा जारी की गई।

# पीएम-किसान में आधार आधारित भुगतान अनिवार्य




**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कृषकों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 1 दिसम्बर, 2018 को लागू की गई है। इस योजना का उद्देश्य सभी भूमिधारक किसानों के परिवारों को उचित फसल स्वास्थ्य और उचित पैदावार के साथ-साथ उनकी घरेलू जरूरतों को सुनिश्चित् करने के लिए विभिन्न आदानों की खरीद करते हुए उनकी वित्तीय जरूरतों को पूरा करके आय सहायता प्रदान करना है। पंजीकृत समस्त कृषकों को प्रति वर्ष 6000 रुपये तीन समान किस्तों में सहायता राशि प्रदान की जाती है। पीएम-किसान के हितग्राहियों को योजना की 14वीं किस्त से राशि हस्तांतरण केवल आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एबीपीएस) के माध्यम से किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 4455 हितग्राहियों को आधार कार्ड, आधार आधारित भुगतान प्रणाली हेतु आधार सीडिंग नहीं होने या पी.एफ.एम.एस. रिजेक्ट होने के कारण आगामी 16 वीं किस्त की राशि हस्तांतरण नहीं होगी। इस हेतु लंबित आधार सीडिंग को पुनः केवॉयसी/आधार लिंक एवं आधार आधारित भुगतान सक्रिय करने हेतु उप संचालक कृषि द्वारा बैंकर्स को पत्र जारी किया गया है। योजना के तहत् लाभ प्राप्त करने हेतु संबंधित हितग्राहियों से आग्रह है कि, वे संबंधित बैंक में संपर्क कर आधार सीडिंग/डी.बी.टी. सक्रिय कराने हेतु आधार कार्ड एवं पासबुक की छायाप्रति, आवेदन के साथ बैंक में जमा करें अथवा नजदीकी पोस्ट ऑफिस में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में आधार आधारित भुगतान हेतु नवीन खाता खुलवाऐं।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक -07, रायपुर

### प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक 57/जोन क्र.-07/न.पा.नि./2024 — रायपुर, दिनांक 04.01.2024

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग, श्रम आयुक्त ई.पी.एफ. कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम में एकीकृत ठेकेदारों से कलेक्टर दर पर शासन द्वारा निर्धारित पी.एफ. 13.00 प्रतिशत एवं ई.एस.आई.सी. 3.25 प्रतिशत जोड़कर दरें निर्धारित प्रपत्रों में तीन लिफाफा पद्धति पर लिफाफा अ में अमानती राशि तथा लिफाफा ब में सीलबंद निविदाएं नियमानुसार पृथक-पृथक लिफाफे में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से सीलबंद निविदाएं जोन कमिश्नर जोन क्र.-07 नगर पालिक निगम रायपुर के पते पर आमंत्रित की जाती है। कार्य की अमानत राशि का एफ.डी.आर. आयुक्त नगर पालिक निगम के नाम से मान्य होगा। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

01. निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि- दिनांक 24.01.2024 संध्या 5:30 बजे तक।
02. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि- दिनांक 29.01.2024 संध्या 4:00 बजे तक।
03. निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि- दिनांक 29.01.2024 संध्या 5:00 बजे तक।

**कार्य का विवरण निम्नानुसार है:-**

| क्र. | कार्य विवरण | निविदा फार्म | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01. | श.चुड़ामणि नायक वार्ड क्र. 38 स्थित कारी तालाब की सुरक्षा व्यवस्था हेतु 02 अकुशल श्रमिक (चौकीदार) रखे जाने का कार्य। | B | 296304 | 3000 | 750 | लो.नि.वि.में एकल पद्धति से डी श्रेणी या उससे उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार/फर्म | 12 माह |

**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 1 )**

01.निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज तीन लिफाफा पद्धति पर आमंत्रित होकर तद्अनुसार ही प्रस्तुत की जानी होगी। **प्रथम लिफाफा** में राष्ट्रीयकृत बैंक की ई.एम.डी/एफ.डी.आर./शपथ पत्र/एवं समस्त दस्तावेज, **दूसरे लिफाफे** में सिर्फ निविदा प्रपत्र सील बंद कर **दोनों लिफाफों को तीसरे लिफाफे में** सील बंद कर निविदा रजिस्टर्ण्ड/स्पीड पोस्ट द्वारा निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत करना होगा। 02. निविदा संबंधी समस्त अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम को होगा। विस्तृत जानकारी जोन कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। 03. जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है। 04 GST 05.GST RI.last 3month 6. ITR last 3 years 7. Bank Solvency Certificate 08. Pan card 09 EPF&ESIC Certificate संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

**नियम एवं शर्ते :- ( भाग 2 )**

1. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म हेतु GST Reg. तिथि के अनुसार GST Return last Month का देना होगा।
2. नये पंजीकृत ठेकेदार/फर्म पंजीयन तिथि के अनुसार I.T.R. एक साल का मान्य होगा।
3. निविदा फार्म कार्यालय से उपलब्ध होगी। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को दवें

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-07
नगर पालिक निगम, रायपुर



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन,फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./8139/न.पा.नि./जोन क्रं.2/2023
रायपुर दिनांक : 03-01-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र. 8139
वार्ड का नाम-36-हवलदार अब्दूल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR436C0316A** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती TARA BAI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. LAL PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती राजकुमार दीक्षित** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता स्व.लाल प्रसाद दीक्षित** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के.डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 2
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )


# वार्षिक परीक्षा फॉर्म भरने तिथि बढ़ाने एनएसयूआई ने की मांग



**जशपुर ( विश्व परिवार )।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एनएसयूआई के उपाध्यक्ष आलोक सिंह द्वारा वार्षिक परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि में वृद्धि करने हेतु कुलसचिव को ज्ञापन सौपा गया। परीक्षा फॉर्म को बिना अतिरिक्त शुल्क के भरने की आखरी तिथि 5 दिसंबर है, जिसे 10 दिन आगे बढ़ाने की माँग एनएसयूआई ने की। आलोक सिंह ने बताया की विश्वविद्यालय पोर्टल में हजारो छात्रों को फॉर्म भरने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिसे दुरुस्त करने की भी माँग की गई है। तिथि बढ़ जाने से हजारो छात्रो को राहत मिलेगी। इस मौके पर अनिकेत गौड़, भूनेश्वर साहू, गौरव शर्मा, आदि, मयंक, अमन उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./7563/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2024
रायपुर, दिनांक 26-12-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र.7563
वार्ड का नाम- 18-बाल गंगाधर तिलक वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 18 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR110C00412** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **VINAYAK DANDEKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **D.P.DANDEKAR** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **ANIL DANDEKAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **VINAYAK DANDEKAR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **NAZUL MALMA BIKRINAMA** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
नेतराम चन्द्राकर
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-1
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./8168/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 04-01-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र. 8168
वार्ड का नाम- 60 -चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F01241** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती KUSUM YADU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DILIP YADU** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती BHARTI YADU पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O LATE SANTOSH YADU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./8140/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 04-01-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र. 8140
वार्ड का नाम- 60 -चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F01402** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती MS SHAMA CONS. SAMI AHAMAD S/O LATE ABU AHAMAD, RAUKEYA PARVIN W/O SAMI AHAMAD, ASGAR ALI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MD. PARVEJ AHAMAD** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती SAVITA VAISHNAV पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O HALDHAR VAISHNAV** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./8059/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 30-12-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र. 8059
वार्ड का नाम- 60 -चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652B00214** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती JAHRUNISHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAFIK KHAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती SOURABH SINGH THAKUR पिता/पति, श्री/श्रीमती LATE MORDHWAJ SINGH THAKUR** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**MALBA BIKRINAMA**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-6)
आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर
Email ID - rmczone6@gmail.com

पत्र क्रं./8060/न.पा.नि./जोन क्रं. 6/2024
रायपुर दिनांक : 30-12-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र. 8060
वार्ड का नाम- 60 -चंद्रशेखर आजाद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 60 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-**RPR652F01462** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती SHANTI BAI DEWANGAN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE AJAY KUMAR DEWANGAN** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती BODHANI YADU पिता/पति, श्री/श्रीमती W/O NARAYAN SWARUP YADU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रं. - 6
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./8175/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2024
रायपुर, दिनांक 04-01-2024

### इशितहार

नामांतरण प्र.क्र. 8175
वार्ड का नाम-2- पं.जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802I01698** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MAHENDRA PAL SINGH BHATIYA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RANJIT SINGH BHATIYA** के नाम से दर्ज, जिसको श्री/श्रीमती **BAKSHIS SINGH NARDE** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE NIRANJAN SINGH NARDE** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री अरूण ध्रुव
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )



## न्यायालय तहसीलदार, तहसील-मंदिर हसौद, जिला रायपुर(छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.-............/ब-121/ वर्ष 2023-2024
ग्राम- नरदहा, प.ह.नं.-02

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक **महावीर प्रसाद गुप्ता पिता भोजीराम गुप्ता के द्वारा निवासी- नरदहा, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं.-चंदखुरी, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर-350 रकबा 0.500 हे.** रजिस्ट्री दिनांक 20.05.2006 में पत्र के साथ संलग्न है। जो कि **बी-1** एवं ऋण पुस्तिका में मेरे नाम (**महावीर प्रसाद गुप्ता**) से दर्ज ने होकर मेरे कम्पनी श्री कृष्णा स्ट्रक्चर्स के नाम से दर्ज है, वास्तविक में रजिस्ट्री मेरे नाम से दर्ज है। त्रुटिपूर्ण दर्ज किया गया है। जिसको सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 17/01/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज ईश्तहार आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार
मंदिर हसौद (छ.ग.)



## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील-मंदिर हसौद,जिला रायपुर (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.-............/ब-121/ वर्ष 2023-2024
ग्राम- परसदा, प.ह.नं.-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री कृष्णा स्ट्रक्चर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर श्री महावीर प्रसाद पिता मौजीराम गुप्ता** निवासी- फुंडहर रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि ग्राम-परसदा, प.ह.नं.-20, रा.नि.मं.- पलौंद, तहसील- मंदिर हसौद, जिला- रायपुर स्थित भूमि **ख.नं. 1769, रकबा 0.540 हे.** भूमि जो राजस्व अभिलेख में दर्ज है, जिसका मूल ऋण पुस्तिका आवेदक को आज तक अप्राप्त है, जो आवेदक के द्वारा आवेदित भूमि का ऋण पुस्तिका जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय दस्तावेज न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में दिनांक 17/01/24 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, नियत अवधि के बाद दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज ईश्तहार आज दिनांक 02/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार
मंदिर हसौद (छ.ग.)

# जनजाति कार्य मंत्रालय की डॉ. जमील की उपस्थिति में पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला अधिकारियों की हुई बैठक

**प्रधानमंत्री जनमन योजना से शतप्रतिशत लाभांवित करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सम्बद्ध विभागों से सर्वे कराया जा रहा है**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** विशेष कमजोर जनजातियों के समाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए संचालित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) योजना की जानकारी देने एवं बेहतर क्रियान्वयन हेतु जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा नियुक्त जिला समन्वयक पीएम जनमन डॉ जेबा जमील की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। डॉ जमील ने प्रधानमंत्री जनमन योजना के बारे में प्रेजेटेंशन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत विभिन्न मंत्रालयों के माध्यम से पीव्हीटीजी बसाहटो में अगले तीन वर्ष में सभी बड़े मूलभूत कार्यो आवास, बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका आदि की शत प्रतिशत सुविधाएं मुहैया कराना है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में टीकाकरण,



सुरक्षित प्रसव, आयुष्मान कार्ड से नि:शुल्क ईलाज, स्वच्छ पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों एवं गर्भवती तथा शिशुवती महिलाओं को मिल रही सुविधाओं, आजीविका के साधन, वन अधिकार पट्टा, राशन जैसी सुविधाओं का भी लाभ पहुंचाया जाएगा। जिससे वे समाज की मुख्य धारा से जुड़ पाए। डॉ जेबा ने पिछड़ी जनजाति के वंचित सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड एवं जनधन बैंक खाता खुलवाने के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी वाले स्थानों में शिविर लगाने की बात कही। साथ ही इन बसाहटों में शिविर लगने के संबंध में मुनादी एवं अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने की बात कही। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारियों को पीएम जन मन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष प्रयास करने के लिए कहा। बैठक में कलेक्टर सौरभ कुमार ने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति के पहाड़ी कोरवा एवं बिरहोर जनजाति निवासरत है। योजना अंतर्गत जिले के 74 बसाहटों में रहने वाले 1200 से अधिक परिवारों के लगभग चार हजार से अधिक लोगों को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजना से शतप्रतिशत लाभांवित करने के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित सम्बद्ध विभागों से सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे प्रतिवेदन के आधार पर कार्य योजना बनाकर सभी कार्यो को समय सीमा में पूर्ण किया जाएगा। सर्वे के आधार पर एक हजार से अधिक कच्चे मकान वाले हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभान्वित किया जाना है। सौरभ कुमार ने बताया कि पीव्हीटीजी बसाहटो में आयोजित शिविर में वंचित लोगों का आयुष्मान, आधार, राशन, ई श्रम कार्ड, जॉब कार्ड, जन धन खाता, वन अधिकार पट्टा, जाति प्रमाण पत्र जैसी अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में 03 से 05 जनवरी तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा, जहां अनुमोदन कराकर पीव्हीटीजी वर्ग को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

## हिट एंड रन कानून का विरोध: जिले में वाहन सेवा हुई बहाल, स्थिति सामान्य मिली राहत

**प्रशासन व पुलिस की कोशिशों का रहा योगदान**

**कोरबा(विश्व परिवार)।** केंद्र सरकार के द्वारा लिये गए फौरी निर्णय से ट्रांसपोटर्स और ऑपरेटर्स को आखिरकार बैकफुट पर आना पड़ा। हड़ताल पर जाने की योजना हासिए पर चली गई। 7 जनवरी को होने वाली हड़ताल का भी दम निकल गया। इधर सभी तरह के वाहनों के सडक पर लौटने के साथ सेवाएं बहाल हो गई। चैतरफा स्थिति सामान्य होने से राहत महसूस की जा रही है। यह बात अलग है कि 24 घंटे भारी वाहनों के नहीं चलने का हवाला देते हुए सब्जी और रोजमर्रा की चीजें उपलब्ध कराने वालों ने मजा मार लिया। अब वे कुछ दिन तक इसकी आड़ में मोटी कमाई का सपना देख रहे हैं। हिट एंड रन कानून का विरोध करने के साथ विभिन्न क्षेत्रों के साथ कोरबा में सबसे पहले डीजल-पेट्रोल टैंकर और उसके बाद कोयला परिवहन में लगे वाहनों के चालकों ने हड़ताल की। हवाला दिया कि नया कानून उनके लिए मुसीबत वाला है। यहां-वहां प्रदर्शन करने के कारण अन्य वस्तुओं का परिवहन करने वाले चालकों को असुविधा हुई और उन्होंने भी सेवाएं जारी रखने में असमर्थता जताई। पूरी जानकारी के अभाव में यात्री परिवहन और स्कूलों में चलने वाले वाहनों पर भी इसका असर पड़ा। उच्च स्तर से चीजों को समझाने के लिए अभियान शुरू हुआ। जिले में कलेक्टर से लेकर पुलिस अधीक्षक और दूसरे अधिकारियों ने लगातार ट्रांसपोटर्स से लेकर चालकों के साथ बैठक की। कुछ ही घंटों में लोगों को समझाना संभव हुआ। नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव ने ऐलान किया कि हिट एंड रन कानून को फिलहाल लागू नहीं किया जा रहा है। बात यहां से खत्म हो गई और हड़ताल करने वाले के साथ-साथ इसे आगे ले जाने वाले ठिठक गए। रात से ही वाहनों का दौडना शुरू हो गया। आज सुबह स्कूल बसें भी चलीं ओर यात्री बसें भी। कोयला से लेकर फ्लाईएश परिवहन करने वाले वाहनों को भी रफ्तार होते देखा गया। आवश्यक वस्तुओं की खेप भी बाजारों में पहुंची। इन सबसे कुल मिलाकर राहत हुई। इस दौरान पिछले परिस्थितियों पर चर्चा हुई और माना गया कि सरकार की रणनीति भी गजब की है। इन सबके बीच कोरबा के बाजार में सब्जियों की कीमतों को दो दिन की तुलना में काफी बढ़ा हुआ पाया गया।

## सब स्टेशन के पीछे सरकारी जमीन पर हो रहा अवैध कब्जा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नगर निगम के वार्ड नंबर 15 ढोढ़ीपारा में बेजा कब्जाधारियों की बाढ़ सी आ गई है। सब स्टेशन के पीछे विकास कार्यों के लिए संरक्षित जमीन पर तेजी से कब्जा किया जा रहा है। करीब चार एकड़ की जमीन में कई नए मकान बन गए है। अवैध कब्जा हटाने के लिए लोगों ने नगर निगम को पत्र लिखा है,लेकिन अब तक इस दिशा में किसी तरह की कार्रवाई संभव नहीं हो सकी है। लोगों का कहना है,कि जिस जमीन पर बेजा कब्जा किया जा रहा है वहां आंगनबाड़ी,सामुदायिक भवन के साथ ही विकास के अन्य कार्य किए जाने है। कोरबा में बेजा कब्जाधारियों के हौंसले एक बार फिर से बुलंद हो गए है। कार्रवाई के अभाव में सरकारी जमीन पर तेजी से कब्जा किया जा रहा है। ताजा मामला नगर निगम के वार्ड नंबर 15 ढोढ़ीपारा का है जहां सब स्टेशन के पीछे विकास कार्यों के लिए संरक्षित करीब चार एकड़ की जमीन पर बेजा कब्जा किया जा रहा है। शिकायत के आधार पर बुधवार को जब हमने क्षेत्र का दौरा किया तो पाया,कि जमीन पर जहां कई कच्चे मकान बन गए हैं वहीं कई निर्माणाधीन है। बेजा कब्जा करने वाले कुछ लोगोंसे हमने बात की तब उन्होंने बताया,कि दूसरे लोगों की तरह हमने में कब्जा किया है। अगर टूटेगा तो सभी का मकान टूटेगा। जिस जमीन पर कब्जा किया गया है वहां आंगनबाड़ी भवन,सामुदायिक भवन व स्कूल भवन का निर्माण किया जाना है लेकिन जिस तरह से उस जमीन पर कब्जा किया जा रहा है उससे विकास के काम नहीं हो सकंगे।

## कुत्तों के हमले से मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में पीड़ितों की बढ़ी संख्या

**कोरबा(विश्व परिवार)।** सर्दी का मौसम कुत्तों के प्रजनन का कालखंड होता है। इस दौरान ही कुत्तों के काटने के सबसे ज्यादा मामले प्रकाश में आते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों को सचेत किया है कि इस तरह की स्थिति निर्मित होने पर 24 घंटे के भीतर चिकित्सा लेने के बारे में गंभीरता दिखाई जानी चाहिए। ऐसा नहीं करने पर बाद में उन्हें लेने के देने पड़ सकते हैं। मानसिक और शारीरिक स्थिति बेहतर नहीं होने के अलावा परेशान करने के साथ ही बच्चों को जन्म देने के बाद कुत्ते रास्ता चलते लोगों को निशाना बनाते हैं। कई बार वे खास तरह की गाडियों का पीछा करते है तो कभी रंग और शकलसुरत देखकर भी निशाना बनाते है। ऐसे में हादसे हो जाते है और लोग इसकी चपेट में आ जाते है। अभी सर्दी के मौसम में कुत्तों के हमले एकाएक तेज हो गए है। डॉक्टर शशिकांत भास्कर ने बताया कि प्रजनन के बाद अपने बच्चों की रक्षा करने के चक्कर में ऐसे मामले ज्यादा होते हैं। फिलहाल 35 से ज्यादा मामले हर दिन अस्पताल में आ रहे हैं। बताया गया कि कुत्तों के द्वारा काटने पर रेबीज का खतरा होता है। ऐसे में 24 घंटे की भीतर पीडित को अस्पताल में संपर्क करने के साथ आवश्यक सुविधा लेना चाहिए। इसकी अनदेखी करने पर व्यक्ति रैबीज से प्रभावित हो सकता है। मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में इस तरह की घटनाओं से संबंधित पीडितों को उपचार देने के लिए दवा की पर्याप्त व्यवस्था है। इस मौसम में यहां वहां अपनी उपस्थिति दर्ज करने के दौरान लोगों को आसपास के खतरों से सतर्क रहने की जरूरत है।

## प्रधानमंत्री जनमन शिविर का हो रहा आयोजन

**बिरहोर समुदाय के 83 लोगों का बना जाति एवं 42 का बना जन्म प्रमाण पत्र**

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान-पीएम जनमन के तहत छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों को शिविर के माध्यम से योजनाओं का लाभ दिलाने की पहल की गई है। योजना के तहत लोगों के घरों तक पहुंचकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रशासनिक अमला विशेष पिछड़ी जनजातियों के पंचायत, बसाहट, टोला और पारा तक पहुंच कर सहज तरीके से लोगों के बीच योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। शिविर में विशेष पिछड़ी जनजातियों को मुख्य धारा से जोडने के लिए भारत सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है जिसमें नवीन आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री आवास निर्माण, जाति प्रमाण पत्र जारी करना, वन अधिकार पट्टा वितरण आदि शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को इन विशेष पिछड़ी जनजातियों के द्वार तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में जनपद पंचयत धरमजयगढ़ अंतर्गत विकासखण्ड के कुम्हीचुवां, दर्रीडीह, सिवार, ढोढागांव, रायमेर, नकना, खम्हार, सोहनपुर, खर्रा, कीदा, कटाईपाली डी, जबगा, रूंवाफूल, ओंगना, जमरगा व जमरगीडी ग्राम पंचायतों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर समुदाय पंचायतों में 01 से 05 दिसम्बर तक प्रधानमंत्री जनमन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आज ग्राम पंचायत कीदा व खर्रा में जनमन शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धरमजयगढ़ श्री शिव कुमार टंडन द्वारा बिरहोर समाज को 17 जाति प्रमाण पत्र एवं 02 जन्म प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इसी तरह ग्राम पंचायत ढोढागांव बसाहट बसंतपुर में 41 जाति प्रमाण पत्र एवं 20 जन्म प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत कटाईपाली डी आश्रित ग्राम सकरलिया में 15 जाति प्रमाण पत्र एवं 10 जन्म प्रमाण-पत्र तथा ग्राम पंचायत रायमेर में 10 जाति प्रमाण पत्र एवं 10 जन्म प्रमाण पत्र बनाया गया। साथ ही अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारी सहित शासन के अन्य समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र बनाने का कार्य किया जा रहा है जिससे उक्त ग्राम में निवासरत विशेष पिछड़ी, जनजातियों को लाभान्वित किया गया है।

# गेट जाम कर धरने पर बैठे बालको के मजदूरों पर पुलिस ने भांजी लाठी

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बाल्को में वेतनमान में 12 प्रतिशत बढ़ोत्तरी करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर गेट जाम आंदोलन कर रहे श्रमिकों की भीड़ को तितर- बितर करने पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए मजदूरों पर लाठी बरसा दी। घटना के बाद मजदूर में भगदड़ मच गई। इस घटना में कुछ मजदूरों को हल्की चोट लगी है। घटना के वक्त पुलिस के शीर्ष अफसर भी मौजूद थे। बाल्को में कार्यरत कर्मियों के एलटीएस के नाम पर स्कीम फार स्कैम की जानकारी नहीं देने, वेतन में बढ़ोत्तरी करने के बजाए 12 से घटा कर आठ प्रतिशत करने समेत अन्य मुद्दों को लेकर नाराजगी व्याप्त है। पिछले चार दिनों से संयंत्र के अंदर किसी न किसी तरह से विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। हालांकि इस दौरान श्रमिकों को समझाइश देने का भी प्रयास किया जा रहा, पर



मामला शांत नहीं हो रहा था। बताया जा रहा है कि सोमवार को भी संयंत्र के अंदर विरोध दर्ज कराया गया, तब प्रबंधन ने वार्ता की और समझाइश दिया। बाद में कुछ लोगों का गेटपास रोक दिया गया। साथ ही कुछ मजदूरों को निलंबित कर दिया गया। इससे नाराजगी बढ़ गई है। इधर संयुक्त श्रमिक संघ एचएमएस, भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध बीकेएस, नाम्स व इंटक के दूसरे गुट ने परसाभाठा गेट में आमसभा कर मजदूरों को पूरे घटना क्रम की जानकारी देने तथा बाल्को के सीईओ के बंगले में जाकर स्थिति से अवगत कराने का निर्णय लिया। मंगलवार को जब कर्मी संयंत्र के अंदर नहीं जा सके, तब संयुक्त श्रमिक संघ बैनर तले कर्मियों ने रैली निकाल कर सीईओ के घर चले गए। बताया जा रहा है कि रास्ते में पुलिस ने रोक लिया और वहीं ज्ञापन ले लिया। इसके बाद मजदूर थाना पहुंच कर गिरफ्तारी देने का प्रयास किए, लेकिन पुलिस ने मना कर दिया। इसके बाद सभी यूनियन प्रतिनिधि व मजदूर बाल्को के परसाभाठा गेट, मटेरियल गेट समेत सभी गेट के समक्ष धरने पर बैठ कर विरोध प्रदर्शन करने लगे। इस बीच पुलिस के अधिकारियों ने समझाइश देने का प्रयास किया, पर मजदूर अपनी मांग पर अड़े रहे। रात नौ बजे तक भीड़ को तितर- बितर करने आखिरकार पुलिस को लाठी भांजनी पड़ी। तब श्रमिकों में हड़कंप मच गया और सभी मार खाने से बचने के लिए इधर उधर भागने लगे। एचएमएस नेता संजू शर्मा ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी ने सबसे पहले मजदूरों पर लाठियां बरसाई। न केवल मजदूरों को बल्कि आसपास में ठेले खोमचे लगाने वालों को भी नहीं बक्शा गया। बताया जा रहा है कि इस घटना को लेकर मजदूरों में नाराजगी बढ़ गई है और अब उग्र आंदोलन करने आगे की रूपरेखा तैयार करने जुट गए हैं। मजदूर चार दिन से संयंत्र के अंदर टूल डाउन आंदोलन कर रहे हैं। इससे संयंत्र का कामकाज भी प्रभावित हो रहा। श्रमिक नेताओं का कहना है कि मान्यता प्राप्त संगठन के सामने वास्तविक स्थिति स्पष्ट करना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा है। प्रबंधन ने उनकी सहमति से ही वेतन वृद्धि में 12 प्रतिशत को घटा कर आठ प्रतिशत किया है। इसी तरह वर्तमान में लाए गए स्कीम तथा पूर्व की एलटीएस के प्रमोशन पालिसी केटेगरी वाइज श्रमिकों के पदनाम क्यों नही हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बातों में उलझाया और चुरा लिए सोने के टॉप्स, ज्वेलरी शॉप में बड़ी वारदात

**पलारी(विश्व परिवार)।** बलौदाबाजार जिले के ग्राम रोहासी के लक्ष्मी नारायण ज्वेलरी शॉप में बड़ी उठाईगिरी हो गई। ग्राहक बन कर आए दो युवकों ने महिला स्टाफको बातों में उलझाकर पांच लाख के सोने के टाप्स पार कर दिए। लगभग 20 जोड़ी टाप्स लेकर भीड़ का फायदा उठाकर भाग निकले। मामला पलारी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम रोहांसी के लक्ष्मी नारायण ज्वैलर्स की दुकान में दो युवक ग्राहक बनकर आए। वहां मौजूद महिला स्टाफको ज्वेलरी खरीदने का झांसा देकर उसे बातों में उलझाए रखा। फिर काउंटर में रखे सोने के टॉप्स जो कि एक प्लास्टिक की छोटी थैली में रखी थी उसे बड़ी सफाई से पार कर चलते बने। वारदात के वक्त दुकान में सिर्फमहिला स्टाफही अकेली थी। दुकान का मालिक किसी काम से बाहर गया हुआ था। आज सुबह वापस आने पर उन्होंने जब अपने गहनों को चेक किया तब उन्हें इस उठाईगिरी का पता चला। तब तत्काल उन्होंने थाना पलारी आकर इसकी सूचना दी, सूचना मिलते ही थाना प्रभारी शशांक सिंह जांच के लिए तुरंत ग्राम रोहांसी ज्वेलरी शॉप पहुंचे। दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई।

### चुईया नाला के पास कार पेड़ से भिड़ी, दो घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको थानांतर्गत चुईया नाले के पास तेज रफ्तार कार संख्या सीजी-12बीबी-8807 अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। दुर्घटना में कार सवार दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है,कि कार सवार पिकनिक मनाकर लौट रहे थे इस दौरान हादसा हो गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है जिसके द्वारा मामले की जांच की जा रही है। मामले को लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने से जोडकर देखने के साथ पुलिस ने कार चालक के खिलाफ 279 आईपीसी का प्रकरण कायम किया है।

### पैरामेडिकल को समय पर पदोन्नति देने की मांग

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल गेवरा स्थित एनसीएच चिकित्सालय में पदस्थ पैरामेडिकल स्टाफ पदोन्नति के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। लगातार वे पदोन्नति के लिए चक्कर भी लगाते रहे हैं। एसकेएमएस के दीपक उपाध्याय व एल.पी.अघरिया ने इस मुद्दे को प्रबंधन के सामने रखा था। लेकिन प्रबंधन के द्वारा इस मामले पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तब आईआर बैठक बिलासपुर में इस मामले को दोबारा उठाया गया। जिसमें कहा गया कि पैरामेडिकल स्टाफ की पदोन्नति की जाए। इसके अलावा कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए समय-समय पर कामगारों को प्रोत्साहन राशि दिए जाने की जरूरत है। हर महीने उत्कृष्ट काम करने वाले कामगारों को पुरस्कार दिए जाने के मामले को भी उठाया गया।

### सूदखोर ने घर घुसकर महिला को पीटा

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको क्षेत्र में रहने वाली एक महिला की एक सूदखोर व उसके परिवार ने मिलकर जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में महिला को काफी चोट लगी है और उसका सिर भी फट गया है। महिला का नाम अंजान सिंह है जिसने वहीं रहने वाले श्रीकांत मांझी नामक व्यक्ति से ब्याज पर रुपए लिए थे। महिला हर माह नियमित रुप से ब्याज की रकम चुकाती थी लेकिन किसी बात को लेकर विवाद हो गया जिसके बाद सूदखोर का परिवार उसके घर घुसा और मारपीट की घटना को अंजाम दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है जिसके द्वारा जांच शुरु कर दी गई है।

### नए महाप्रबंधक ने बैठक ली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में नए महाप्रबंधक बी.डी.जेवियर ने आते ही आज संयुक्त सलाहकार सदस्यों की बैठक लेते हुए उत्पादन बढ़ाने पर विचार विमर्श किया। सदस्यों ने उत्पादन बढ़ाने के लिए कई सुझाव भी दिए। केंद्रीय कर्मशाला में काम कराने खदान क्षेत्र से सामानों को भेजा जाता है लेकिन इस कार्य में अब कमी आ गई है। यहां पर कामगारों की संख्या में भी लगातार कमी होती जा रही है। संयुक्त सलाहकार सदस्य दिलीप सिंह, बी.आर.सुमन, राजेश पांडेय, एन.के.साव, दादूलाल राठौर, राजेंद्र यादव, भागवत साहू, अजय सिंह, डी.पी.सिंह ने कई सुझाव दिए।

# संपादकीय

## वित्तीय संघवाद का फॉर्मूला

सोलहवें वित्त आयोग से अपेक्षा रहेगी कि वह ऐसा फॉर्मूला सुझाए, जिससे सभी राज्य भारतीय संविधान की भावना के मुताबिक संघ की एक इकाई के रूप में स्वाभिमान से अपना राजकाज चला सकें। साथ ही स्थानीय निकाय स्वायत्त इकाई के रूप काम करने में सक्षम हों। केंद्र सरकार ने 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति कर दी है। रविवार को इस एलान से दो रोज पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आयोग के विचारणीय मुद्दों को तय किया था। नव-उदारवादी अर्थशास्त्री अरविंद पनागड़िया इस आयोग के अध्यक्ष होंगे, जो नरेंद्र मोदी के पहले कार्यकाल में नीति आयोग का नेतृत्व भी कर चुके हैं। पनागड़िया उन गिने-चुने प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों में हैं, जो मोदी सरकार के पैरोकार बने हुए हैं। हालांकि वे आयात शुल्क बढ़ाकर घरेलू उद्योगों को संरक्षण देने की मोदी सरकार की नीति से सहमत नहीं रहे हैं, इसके बावजूद मोटे तौर पर वे उसकी नीतियों के समर्थक हैं। पनागड़िया सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर खर्च बढ़ाने जैसे उपायों के आलोचक हैं। उनकी यह राय उस समय जाहिर हुई, जब उन्होंने विकास के ओडीशा मॉडल की तारीफ की, जबकि राजस्थान की पूर्व अशोक गहलोत सरकार की चिरंजीवी योजना को गलत दिशा में उठाया गया कदम बताया था। अनुमान लगाया जा सकता है कि अगले वित्त आयोग की सिफारिशों पर उनकी इस सोच का असर नजर आएगा। एक अप्रैल 2026 से अगले पांच साल तक के लिए इस आयोग को केंद्र और राज्यों के बीच संसाधनों के बंटवारे, आपदा सहायता के निर्धारण, और स्थानीय निकायों को धन आवंटन के सिद्धांत तय करने हैं। जीएसटी लागू होने के बाद राज्य केंद्र से मिलने वाले धन पर लगभग पूरी तरह निर्भर हो गए हैं। उनकी लाचारी कोरोना काल में सबको देखने को मिली थी। 16वें वित्त आयोग से अपेक्षा रहेगी कि वह ऐसा फॉर्मूला सुझाए, जिससे सभी राज्य भारतीय संविधान की भावना के मुताबिक संघ की एक इकाई के रूप में स्वाभिमान से अपना राजकाज चला सकें। वरना, जीएसटी पर पहले से मौजूद सवाल और गहरा जाएंगे। इसके साथ ही स्थानीय निकायों के लिए धन आवंटन की ऐसी व्यवस्था की अनिवार्यता है, जिससे ये निकाय संविधान के 73वें और 74वें संशोधन की भावना के मुताबिक एक संपूर्ण एवं स्वायत्त इकाई के रूप काम करने में सक्षम हो सकें। इन मकसदों का नव-उदारवादी अर्थशास्त्र से भी कोई अंतर्विरोध नहीं है। इसलिए अपेक्षा है कि पनागड़िया आयोग इन मामलों में जारी संशयों का हमेशा के लिए अंत कर देगा।

## विचार

## चरमरा रहा है लोकतंत्र

आम अनुभव यही है कि लिबरल डेमोक्रेसी के अंदर नीतिगत आधार पर मौजूद वास्तविक विकल्पों का अभाव बढ़ता चला गया है। नतीजा यह है कि ऐसे नेताओं और दलों के लिए रास्ता खुल गया है, जो जनता के बीच उत्तेजना फैलाने में माहिर हैं। विश्व मीडिया में 2024 को चुनावों का साल बताया गया है। इस वर्ष तकरीबन 60 देशों में किसी ना किसी स्तर के चुनाव होने हैं। शुरुआत बांग्लादेश में सात जनवरी को होने वाले संसदीय चुनाव होगी। लेकिन असल में वहां मतदाताओं के सामने चुनने के लिए कोई सार्थक विकल्प नहीं है। चूंकि प्रधानमंत्री शेख हसीना वाजेद की अवामी लीग सरकार विपक्ष को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव का भरोसा नहीं दिला पाई, इसलिए मुख्य विपक्षी दल- बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी- ने चुनाव का बायकॉट कर दिया है। इस वर्ष आठ फरवरी को पाकिस्तान में संसदीय एवं प्रांतीय चुनाव होंगे। लेकिन वहां के वास्तविक शासक- सैन्य एवं खुफिया तंत्र- ने देश के सबसे लोकप्रिय नेता इमरान खान और उनकी पार्टी को मुकाबलों से जबरन बाहर कर दिया है। अप्रैल-मई में भारत में चुनाव होंगे, जहां यह आम धारणा बन गई है कि अब सभी राजनीतिक दलों को मुकाबले का समान धरातल नहीं मिलता। साल के आखिर- यानी नवंबर में दुनिया का ध्यान अमेरिका पर टिकेगा, जहां नए राष्ट्रपति का चुनाव होगा। लेकिन इस बीच जिस संदिग्ध ढंग से सबसे लोकप्रिय उम्मीदवार डॉनल्ड ट्रंप को मुकाबले से बाहर करने की कोशिशें की जा रही हैं, उससे अमेरिकी लोकतंत्र पर भी सवाल गहराते जा रहे हैं। ये सिर्फ कुछ प्रमुख मिसालें हैं। वरना, आम अनुभव यही है कि लिबरल डेमोक्रेसी के अंदर नीतिगत आधार पर मौजूद वास्तविक विकल्पों का अभाव बढ़ता चला गया है। नतीजा यह है कि राजनीतिक चर्चाएं सांस्कृतिक एवं पहचान संबंधी मुद्दों पर केंद्रित हो गई हैं। इससे ऐसे नेताओं और दलों के लिए रास्ता खुला है, जो जनता के बीच उत्तेजना फैलाने में माहिर हैं। अनेक देशों में लिबरल अभिजात वर्ग ने इन ताकतों के आगे समर्पण कर दिया है, जबकि कुछ जगहों पर ऐसे नेताओं को वैसे तरीकों से रोकने कोशिश हो रही है, जिन्हें किसी रूप में लोकतांत्रिक नहीं कहा जा सकता। नतीजतन, लिबरल डेमोक्रेसी चरमराती नजर आ रही है। इसका क्या दूरगामी परिणाम होगा, अभी यह साफ नहीं है। लेकिन तात्कालिक परिणाम के तौर पर लोकतांत्रिक मान्यताएं और संस्थाएं बेदम होती जा रही हैं और तानाशाही प्रवृत्तियों की जड़ मजबूत हो रही है।

## नए साल के युद्ध संकल्प !

अपने नए साल के भाषण में यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमिर जेलेंस्की ने कसम खाई है कि 2024 में वे रूसी सेना पर कहर बरपाएंगे। वे यह बात पूरे भरोसे से इसलिए कह पाए क्योंकि यूक्रेन आज पहले की तुलना में अधिक शक्तिशाली है। यह युद्ध अपने तीसरे कैलेंडर वर्ष में प्रवेश कर रहा है। उधर नए साल के ठीक एक दिन पहले और बाद में भी गाजा पर इजराइली हमले जारी रहे। हवाई हमलों में कई प्रोफेसर मारे गए और गाजा के केन्द्रीय हिस्से को धूल में मिला दिया गया। बेंजामिन नेतन्याहू ने संकल्प लिया है कि यह युद्ध तब तक चलता रहेगा जब तक उसे जारी रखना जरूरी होगा। दोनों युद्ध युद्धक्षेत्र में भी लड़े जा रहे हैं और डिजीटल दुनिया में भी। दोनों का पूरे विश्व पर प्रभाव पड़ रहा है और सारी दुनिया के लिए दोनों के निहितार्थ हैं। सभी देशों के किसान तब स्तब्ध रह गए थे जब युद्ध की शुरुआत के बाद उन्हें यूक्रेन और रूस से अचानक उर्वरक मिलना बंद हो गए थे। अब लाल सागर में हो रहे हमलों के चलते एक बार फिर सप्लाई बाधित हो रही है। सोशल मीडिया पर सारी दुनिया के युवाओं से कहा जा रहा है कि वे अपनी राय दें, विरोध प्रकट करें और ग्लोबल चेन्स का बहिष्कार करें। इजराइल-हमास युद्ध घिनौना, घातक और दर्दनाक है। नए साल की पूर्व संध्या पर कई लोगों ने केवल ऐसी तस्वीरें और वीडियो साझा किए जिनमें युद्ध के वे दृश्य दिखाए गए हैं जिनमें बच्चे मारे गए। मुझे एक संदेश मिला कि 'हैप्पी' शब्द टाइप करने या 'हैप्पी' महसूस करने से पहले मुझे उन बच्चों के बारे में सोचना चाहिए जो गाजा में मारे गए या मारे जा रहे हैं। नि:संदेह इस नव वर्ष पर इजराइल-हमास युद्ध पर सबका ध्यान केन्द्रित रहा है और आगे भी रहेगा। क्योंकि यह युद्ध कई देशों में चुनावों को प्रभावित करेगा, जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है अमेरिका, जहां बहुत से युवा डेमोक्रेटों ने इजराइल का समर्थन करने के कारण बाइडन का साथ छोड़ दिया है। यही कारण है कि व्यक्तिगत टेलीफोन चर्चाओं में बाइडन नेतन्याहू पर बर्बादी बंद करने के लिए अधिकाधिक दबाव डाल रहे हैं। लेकिन नेतन्याहू का हमेशा से लक्ष्य रहा है।


# आदर्श प्रतिष्ठाचार्य प्रतिष्ठा पितामह पं. गुलाब चन्द्र जी

-डॉ सुनील जैन

साधु , धर्मगुरु , पण्डित , विद्वान् और प्रतिष्ठाचार्य वे विभूतियाँ हैं जो स्वयं का कल्याण तो करते ही हैं , जन - जन को धर्म की राह दिखाते हैं । परमपूज्य सन्तों



, राष्ट्रनेताओं , सामाजिक कर्णधारों और विविध क्षेत्रों में अपने प्रशस्त कृतित्व से सम्पूर्ण वसुन्धरा एवं चिन्तना को महिमा मण्डित करने वालों का प्रतिवन्दन सदैव स्वागतेय होता है । इसी दैदीप्यमान मणिमाला में ' सादाजीवन उच्च विचार के सशक्त हस्ताक्षर कालजयी प्रतिष्ठाचार्य माननीय पं . गुलाबचन्द्र जी जैन ' पुष्प ' एक ऐसा नाम रहा है जो सम्पूर्ण जैन जगत् में अत्यधिक विश्रुत और श्रद्धास्पद है । सम्यक् रत्नत्रय के प्रशस्त आराधक पण्डित ' पुष्प ' जी को अपने आचार्यत्व में शताधिक पञ्चकल्याणक प्रतिष्ठाएँ और अर्द्धशतक गजरथ महोत्सव शास्त्रोक्त विधि - विधान पूर्वक सुसम्पन्न कराने का गौरव प्राप्त है । प्रतिष्ठा कार्यों में आगम - सम्मत क्रियाओं को प्रभावना- पूर्वक निष्पन्न कराने वाले पं . पुष्प जी वाणीभूषण रहे हैं । उनकी प्रभविष्णु प्रतिष्ठा शैली और सहज वैदुष्य से अभिभूत समाज ने विविध अवसरों पर उन्हें संहितासूरि वाणीभूषण धर्मरत्न , साहित्यरत्न , विद्वद्रत्न , प्रतिष्ठारत्न , प्रतिष्ठातिलक , प्रतिष्ठादिवाकर प्रभृति अलंकरणों से महिमा मण्डित किया है । मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ जनपद के ककरवाहा ग्राम की भूमि को अपने जन्म से प्रख्यात करने वाले उद्भट मनीषी आदरणीय पं . गुलाबचन्द्र जी जैन ' पुष्प ' आगमोक्त देव शास्त्र - गुरु के अनन्य उपासक , हित मित मधुरभाषी सहृदय विद्वान् थे। पं . जी के व्यक्तित्व में आगमोक्त विधि - विधान की प्रभविष्णुता , प्रभावी वक्तृता , कुशल रचनाधर्मिता और संयमी जीवन यापन का अभूतपूर्व संगम था । यही कारण है कि वे परमपूज्य साधु - सन्तों के भी अधिक निकट रहे । पं . ' पुष्प जी आडम्बरविहीन विशुद्धमार्गी प्रतिष्ठाचार्य के साथ - साथ सिद्धान्तमर्मज्ञ , कुशल समाजसेवक , विद्या अभिवर्धक , निष्णात वैद्य , निर्णायक पञ्च , संगीतज्ञ , ज्योतिर्विद और आशुकवि थे। आदरणीय ' पुष्प ' जी एक ऐसे उद्भट मनीषी थे जो अपनी कलाओं , विद्याओं तथा विशेषज्ञताओं को उदारतापूर्वक सर्वसामान्य को प्रदान करते थे । वे अनेक महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों के प्रणेता भी हैं । पुष्प जी आर्ष परम्परा के उन मनीषियों में अग्रगण्य रहे हैं जिन्होंने अपना समग्र जीवन भगवती जिनवाणी माता की आराधना एवं उसके प्रचार - प्रसार में समर्पित कर दिया था । ' पुष्प ' जी स्वयं तो प्रतिष्ठाचार्य थे ही , उन्हें एक यशस्वी प्रतिष्ठाचार्य का सुपुत्र होने का सौभाग्य और एक उदीयमान प्रतिष्ठाचार्य का पिता होने का भी गौरव प्राप्त है । ' पुष्प ' जी के पिता पं . मन्नूलाल जी अपने समय के लब्धप्रतिष्ठ प्रतिष्ठाचार्य थे । ' पुष्प ' जी ने उन्हीं से प्रतिष्ठाचार्य बनने न केवल प्रेरणा प्राप्त की प्रत्युत प्रशिक्षण भी प्राप्त किया ।' पुष्प ' जी के भरे - पूरे परिवार में उनके चतुर्थ पुत्र ब्र . जय ' निशान्त ' जी महामंत्री अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि परिषद ,परमपूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी मुनि महाराज के उपदेश आदेशानुसार अपने पिता से इस प्रतिष्ठाशास्त्र की विद्या की धरोहर को सम्भालने में दत्तावधान हैं ।'' पुष्प ' जी समाज , धर्म , साहित्य , शिक्षा , संस्कृति , कला , इतिहास एवं पुरातत्त्व के आराधक , सम्बर्द्धक , संरक्षक मनीषी थे। उनकी क्रियाशीलता , बहुज्ञता - विशेषज्ञता और सहजता का अनेकविध लाभ सिद्धक्षेत्र अहार , द्रोणगिरि , नैनागिरि , अतिशय क्षेत्र पपौरा , गिरारगिरि और नवागढ़ आदि को प्राप्त हुआ है ।श्री पं . मन्नूलाल जी की स्मृति में अपनी जन्मभूमि ककरवाहा में हाईस्कूल की संस्थापना , घुवारा में श्री गणेशप्रसाद वर्णी स्नातक महाविद्यालय की स्थापना हेतु प्रेरणाप्रद उदार दान एवं सागर के भाग्योदय तीर्थ को अपने उल्लेखनीय आर्थिक सहयोग से करना पं . ' पुष्प ' जी की निजी विशेषता है ।भारतीय मनीषा के मूर्तरूप पं . गुलाब चन्द्र जी ' पुष्प ' बुन्देलखण्ड के एक ऐसे सपूत थे जिनकी निष्ठा , अध्यवसाय , सार्वजनीन सोच संयमी - अनुशासित जीवनचर्या और रचनाधर्मिता ने उन्हें आवाल - वृद्ध सभी का श्रद्धास्पद बना दिया । साधनहीन छोटे से गाँव ककरवाहा में जन्में पुष्प जी ने अपने जीवन की तरुणाई के पहले चरण में बहुत से उतार - चढाव देखे , झंझावातों का मुकाबला किया , किन्तु अश्रान्त पथिक की भाँति वे सीढी दर सीढी ऊपर बढ़ते गये और परिणाम यह हुआ कि तरुणाई पार करते ही वे अच्छे प्रतिष्ठाचार्य के रूप में जग जाहिर हुए । पूर्व से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक उनकी निर्विवाद छवि तथा विशुद्ध आगमानुसारी प्रतिष्ठा पद्धति की गूँज सर्वत्र गूँजने लगी । उन्होंने विधि - विधान और प्रतिष्ठाशास्त्र को अपनी विशेषज्ञता का क्षेत्र बनाया । उनकी क्रियाशीलता के उदाहरण बहुत से पञ्चकल्याणक महोत्सवों , मन्दिर - वेदी - प्रतिष्ठाओं और गजरथ



महोत्सवों की निर्विघ्न सम्पन्नता में दिखाई पड़ते हैं और सृजनशीलता उनके द्वारा प्रणीत प्रतिष्ठारत्नाकर ' आदि ग्रन्थों में निदर्शित होती है । पुष्प ' जी द्वारा प्रणीत प्रतिष्ठा रत्नाकर अपने विषय का परिपूर्ण मानक दर्पण है । लगभग 750 पृष्ठों के इस महाग्रन्थ में प्रतिष्ठा सम्बन्धी सभी विधि - विधानों का जो सांगोपांग , शास्त्रसम्मत विश्लेषण पं . जी ने किया है वह अद्वितीय है । इस महाग्रन्थ से दुरूह प्रतिष्ठाप्रविधियाँ प्रतिष्ठा कार्य सम्पन्न कराने के अभिलाषी विद्वानों के अतिरिक्त सामान्य जनों को भी हस्तामलकवत् सहज सुबोध हो उठी । इसके अतिरिक्त पं . जी की अन्य प्रमुख कृतियाँ हैं : प्रतिष्ठा - दर्पण , अर्चना गीत , याग - मण्डल विधान , व्रतोद्यापन संग्रह आदि ।पुष्प जी के व्यक्तित्व की चमक बढ़ाने और उनकी कीर्ति प्रसारित करने में उनकी अपनी साधना तो कारण रही ही है , परन्तु एक और बड़ा सशक्त कारण यह है कि वे निष्ठावान प्रतिष्ठाचार्यों की अपनी ही तीन पीढ़ियों की माला के मध्य में एक आभावान मणि की तरह सुशोभित थे। उनके पूज्य पिता पण्डित मन्नूलाल जी अपने समय के माने हुए प्रतिष्ठाचार्य थे और अपनी विनम्रता तथा नि:स्पृहता के लिये विशेष रूप से जाने जाते थे । पुष्प जी स्वयं अपनी अनेक विशेषताओं के साथ जाने जाते थेऔर उनके होनहार सुपुत्र आदरणीय ब्र. जय कुमार जी ' निशान्त ' भैया भी आजन्म ब्रह्मचर्य का संकल्प लिये , अपने पिता के समान अनुशासन में प्रतिष्ठा कार्यों के साथ प्रतिबद्ध , एक निष्णात प्रतिष्ठाचार्य के रूप में , सारे देश में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं । प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऐसा तीन पीढ़ियों का अक्षुण्ण योगदान किसी भी प्रतिष्ठाचार्य के लिये बड़ा दुर्लभ संयोग है । आदरणीय पुष्पजी सचमुच भाग्यशाली थे कि यह उत्तम संयोग उनके अवदान का प्रभा - मण्डल बन कर इतिहास में उनकी कीर्ति को प्रसारित कर रहा है ।आदरणीय पुष्पजी उल्लेखनीय सेवाओं के लिए सराकोद्धरक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज के सान्निध्य में अतिशय क्षेत्र बड़ागांव खेकड़ा जिला बागपत में 'पुष्पांजलि' अभिनंदन ग्रंथ समर्पण करके प्रतिष्ठा पितामह की उपाधि से अलंकृत किया गया था ।सुप्रसिद्ध गीतकार रवींद्र जैन मुंबई ने लिखा था -

रत्नाकर के रत्न प्रतिष्ठा के वे अमित तिलक हैं।
पुष्पांजलि के द्वारा इनके वन्दन-अभिनंदन हैं।।

पुष्प जी के समग्र समर्पण से ही आज ललितपुर जनपद में स्थित प्रागैतिहासिक दिगम्बर जैन तीर्थक्षेत्र नवागढ़ जन-जन की आस्था का केंद्र बन रहा है। उनके बाद आदरणीय ब्र. जयकुमार जी निशांत भैया विरासत सहेज रहे हैं। नवागढ़ क्षेत्र को शून्य से शिखर तक विकास के आयाम स्थापित करने में आपका योगदान जैन संस्कृति की इतिहास में सदैव अमर रहेगा। पिछले वर्ष से यहाँ गुरुकुल का संचालन भी शुरू हो गया है जो एक नया आयाम स्थापित कर रहा है। आदरणीय जयनिशांत भैया जी ने पुष्प जी के सपने को साकार करने का संकल्प किया है। आप निरंतर नवागढ़ क्षेत्र के पुरातत्व के अन्वेषण एवं विकास के लिए दृढ़ता एवं समर्पण के साथ संलग्न है। इसी का सुफल है कि आज नवागढ़ क्षेत्र प्राचीनतम पुरातात्विक धरोहर के लिए विश्व विख्यात हो रहा है । प्रतिष्ठा पितामह पंडित गुलाब चंद जी पुष्प प्रतिष्ठाचार्य, जैन जगत के विख्यात एवं सर्वमान्य प्रतिष्ठाचार्य रहे हैं, जिन्हें सभी आचार्यों श्रेष्ठियों,विद्वानों का बहुमत प्राप्त रहा है । आपने आगमोक्त चर्या के साथ प्रतिष्ठा कार्य करते हुए आदर्श स्थापित किया है। आपने कभी भी किसी परिस्थिति में कोई समझौता नहीं किया, भले ही आपने पंचकल्याणक प्रतिष्ठा करने से मना कर दिया । परम आदरणीय गुलाब चंद्र पुष्प का जीवन आदर्श रहा है , आपने अधिकांश समय स्वाध्याय एवं अनुष्ठान में व्यतीत किया था। उन्होंने ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज से दो प्रतिमा के व्रत कोनी अतिशय क्षेत्र में ग्रहण करके व्रती जीवन का शुभारंभ किया था। धर्म आचरण करते हुए अपने परिवार से उदासीन होकर इंदौर पंचबालयती आश्रम को साधना स्थल बनाया। उनका अंतिम संस्कार नवागढ़ तीर्थक्षेत्र पर हुआ था।

मेरा सौभाग्य रहा कि परम श्रद्धेय गुलाब चन्द्र जी पुष्प का मार्गदर्शन मुझे प्राप्त हुआ।

उनकी जन्म शताब्दी वर्ष पर उनकी आठवी पुण्य तिथि पर उन्हें शत- शत नमन, श्रद्धांजलि।

# राम मन्दिर उद्‍घाटन में कितना धर्म-कितनी राजनीति

अजय दीक्षित

बाबरी मस्जिद गिराने के बाद उस भूमि के स्वामित्व को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट में मामला बहुत दिनों तक लम्बित रहा । जिस दिन फैसला आना था, सरकार के द्वारा परस्पर क्लैश की आशंका के मद्देनज़र लोगों को घर में रहने की ही सलाह दी गई । जिनको उस दिन का स्मरण होगा उन्हें याद होगा कि उस दिन ट्रेनें खाली गईं। किसी ने भी सफर नहीं किया । इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले की अपील मुस्लिम पक्ष द्वारा उच्चतम न्यायालय में की गई । वहां भी मामला बहुत दिनों तक लम्बित रहा । अन्ततः तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोगाई की अध्यक्षता में गठित बैंच ने मुस्लिम पक्ष हिन्दू पक्ष और ठाकुर जी के नाम से जमीन के बंटवारे का फैसला सुनाया । हिन्दू पक्ष को मिली जमीन पर भव्य राम मन्दिर बनाने के लिए केन्द्रीय शासन ने एक स्वायत्त संस्था बनाई । सिद्धांततः अयोध्या में राम मन्दिर सरकार नहीं बना रही है और इसमें न तो केन्द्रीय सरकार का और न ही उत्तर प्रदेश की सरकार का पैसा लगा हुआ है । यूं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर अयोध्या का दौरा करते हुए निर्माण की प्रगति का निरीक्षण करते रहते हैं । शायद जिनको 22 जनवरी के उद्घाटन का निमंत्रण गया है, उनके लिए ठहरने के लिए जो आवासीय व्यवस्था आदि की जा रही है, वह शायद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ही हो रही हो। यूं साफ़, सफ़ाई, लीपापोती, घाटों का निर्माण और उनका पुर्नद्धार, फैजाबाद में सुन्दरता को लेकर कार्यवाही राज्य सरकार की ओर से ही की जा रही है । मोदी जी 30 दिसम्बर को फैजाबाद रेलवे स्टेशन व नया बना हवाई अड्डे का उद्घाटन कर रहे हैं । शायद वे मन्दिर समिति के पदाधिकारियों से प्रगति का जायजा भी लें। 22 जनवरी 2024 को फैजाबाद जो अब अयोध्या कहलाता है, उस दिन केवल निमंत्रित लोग ही आ सकते हैं। साधू-संतों, महन्तों, मठाधीशों आदि धर्म कर्म में लिप्त लोगों के अलावा बड़े-बड़े उद्योगपतियों, सिने स्टारों, खिलाड़ियों, प्रसिद्धि प्राप्त लोगों के अलावा राजनीति से जुड़े लोगों को भी निमंत्रण गया है। कहते हैं सभी राजनैतिक दलों के मुखिया को भी बुलाया गया है। परन्तु अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे आदि को निमंत्रण नहीं गया है । कहने को तो निमंत्रण मन्दिर समिति द्वारा भेजा जा रहा है परन्तु टी.वी. चैनलों पर भाजपा के प्रवक्ता कहते हैं कि क्योंकि मुलायम सिंह के मुख्यमंत्री काल में कार सेवकों की धरपकड़ हुई थी, इसी से उनके पुत्र अखिलेश यादव को निमंत्रण नहीं गया है । यदि मुलायम सिंह हिन्दू विरोधी तो क्यों कर मरणोपरांत उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया ? यह दोहरा रवैया क्यों ? यादव वोट साधने के लिए ही उन्हें पद्म पुरस्कार दिया गया है, यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है । उद्धव ठाकरे को इसलिए निमंत्रण नहीं गया क्योंकि मन्दिर प्रबन्धकों की नज़र में शिन्दे गुट ही असली शिवसेना है । लोग भूले नहीं हैं कि बाबरी मस्जि़द विध्वंस को लेकर विशेष कोर्ट में जो मुकदमा चला उसमें लालकृष्ण आडवाणी सहित भाजपा के सभी शीर्ष नेताओं ने कहा कि वे उस दिन बाबरी मस्जि़द के पास उपस्थित नहीं थे । जज साहब ने एक मिनट में फैसला सुनाकर सबको बरी कर दिया । बाला साहेब ठाकरे ने ताल ठोककर कहा था कि उनके शिव सैनिकों ने ही बाबरी मस्जि़द का ढांचा गिराया है। उन्हें चुनाव आयोग ने दण्ड स्वरूप छः वर्ष तक चुनाव न लड़ने और वोट न देने की सजा दी । अयोध्या में राम मन्दिर सरकार नहीं बना रही है और इसमें न तो केन्द्रीय सरकार का और न ही उत्तर प्रदेश की सरकार का पैसा लगा हुआ है । यूं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समय-समय पर अयोध्या का दौरा करते हुए निर्माण की प्रगति का निरीक्षण करते रहते हैं । शायद जिनको 22 जनवरी के उद्घाटन का निमंत्रण गया है, उनके लिए ठहरने के लिए जो आवासीय व्यवस्था आदि की जा रही है, वह शायद उत्तर प्रदेश शासन द्वारा ही हो रही हो। यूं साफ़, सफ़ाई, लीपापोती, घाटों का निर्माण और उनका पुर्नद्धार, फैजाबाद में सुन्दरता को लेकर कार्यवाही राज्य सरकार की ओर से ही की जा रही है । मोदी जी 30 दिसम्बर को फैजाबाद रेलवे स्टेशन व नया बना हवाई अड्डे का उद्घाटन कर रहे हैं । शायद वे मन्दिर समिति के पदाधिकारियों से प्रगति का जायजा भी लें अच्छा होता बाला साहेब के सुपुत्र उद्धव ठाकरे को निमंत्रण जाता। अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं । उनको बुलाना उचित ही होता ।

# राम की अनंत कथा को हेमंत ने सिफत से गूथा है, नए सिरे से !

के. विक्रम राव
Twitter ID: @kvikramraov

हेमंत शर्मा की राम फिर लौटे (प्रभात प्रकाशन) को पढ़ना लाजिमी हैं, अयोध्या के राम से पूर्णतया



अवगत होने के हेतु। जो नहीं पढ़ेगा वह भगवान राम से अनजान रहेगा, अयोध्या से नावाकिफ। क्योंकि पुस्तक ही नश्वर विश्व में अमर रहती है। फिर वाल्टेयर ने कहा भी था : सारे राष्ट्र, सिवाय असभ्यों के, किताबों से ही शासित होते हैं। बहुत श्रम किया है हेमंत ने इस किताब को लिखने में। असीम रिसर्च किया है। खोजे हुए तथ्यों को निपुणता से पिरोया है, तब पेश किया है। हां, यह शोध ग्रंथ है। मात्र किताब नहीं। क्योंकि इसके पृष्ठों में हेमंत की आत्मा बोलती है। एक ऐसा रिपोर्टर जिसने इतिहास देखा है। उसे कलमबद्ध किया है। बाबरी गुंबदों की बुलंदी का दीदार किया। उन्हें ढहते देखा। अब वहीं भव्य रामालय बनते दिखेगा। हेमंत ने सब बनते-बिगड़ते देखा। अब उसे लिख रहे हैं। ढेर सारे दस्तावेज, घटनाएं, व्यक्ति, घुमाव और मौके खुद जाने हैं हेमंत ने। सारा कानों सुनी नहीं, आंखों देखी है। अत: हर शोध छात्र के लिए राम फिर लौटे बड़ी मुफीद संदर्भ सामग्री भी है। अंग्रेजी कहावत कभी पढ़ी थी : स्टाइल ईज दि मेन (शैली ही व्यक्ति होती है।) सौ फीसदी हेमंत पर फिट बैठती है। जनसत्ता दैनिक को पहचान दी थी लखनऊ में हेमंत ने। लघु वाक्य, बिना क्रिया के, लिखकर अपनी रपट में। नाविक के तीर जैसे शब्द। विशेषण का इस्तेमाल हेमंत ने किया, विशेषता से। उन्होंने बता दिया कि चोटी के खोजी रिपोर्टर हैं। एक बार की घटना है। मुलायम सिंह यादव और उनके समाजवादी जन राष्ट्रीय स्वयं सेवक पर जिहाद चलवा रहे थे। उजबेकी डाकू जहीरूद्दीन बाबर के ढांचे को बचाने में प्राण पण से जुटे थे। मानों आधुनिक यूपी मुगलों का ही हो। हेमंत ने तब एक रपट छापी जनसत्ता में। साथ में एक फोटो भी। इसमें संघ की शाखा में डॉ. राममनोहर लोहिया थे। जो बात हजार शब्द में कह न सकें, वही इस फोटो ने बयां कर दी। लोहार की जैसी थी, हेमंत की कलम तो हथौड़ा थी। मगर उस दौर में (6 दिसंबर 1992) कुछ लोग, चंद पत्रकार भी, गमगीन थे। सेक्युलर दिखते थे। गुंबद गिरना उनकी नजर में बाबर पर बर्बरता थी। नजरिया अटल बिहारी वाजपेई-मार्का था। याद रहे संसद में इस भाजपा नेता ने कहा था : दिसंबर 6 भारत के इतिहास का काला दिवस है। सटीक जवाब दिया देश की जनता ने। इसे मुक्ति दिवस बताया। हालांकि तब तक असली हीरो लालकृष्ण आडवाणी को खलनायक बना दिया गया था। आडवाणी को बाबर से ऊंचा स्थान मिला है भारतीय इतिहास में। मुगल सेनापति मीर बाकी की निशानी ध्वस्त करने पर ! हेमंत की भाषा में निर्बाध रवानगी है। मानो रेखाओं को कोई निपुण रंग साज रूप दे रहा हो। हेमंत ने मेरे आत्मबंधु पी. वी. नरसिम्हा राव के साथ न्याय किया। वे लिखते हैं : 6 दिसंबर, 1992, दोपहर करीब 1 बजकर 40 मिनट पर बाबरी मस्जिद का पहला गुंबद गिराया गया। तब पामुलापति वेंकट



नरसिम्हा राव देश के प्रधानमंत्री थे। दोपहर दो बजे के आसपास नरसिम्हा राव का फोन घनघनाता है। यह फोन कांग्रेस नेता और कैबिनेट मंत्री माखनलाल फोतेदार का था। वह चेतक हेलीकॉप्टर से कारसेवकों पर आँसू गैस छोड़ने की सिफारिश कर रहे थे। बाबरी विध्वंस को रोकना चाहते थे। नरसिम्हा राव पूजा पर बैठे थे। राव ने फोतेदार की परेशानी का कोई हल नहीं दिया। बात राष्ट्रपति तक पहुंची। कैबिनेट की मीटिंग बुलाई गई। बहुत हंगामा हुआ। आंसू बहाए गए। लेकिन नरसिम्हा राव बुत बनकर बैठे रहे। यह सारी कहानी खुद फोतेदार ने बताई। नरसिम्हा राव को बाबरी मस्जिद का पूर्वानुमान था। राव चाहते तो कारसेवकों को रोका जा सकता था। राव विध्वंस के वक्त पूजा कर रहे थे। फोतेदार की बातें सच है या झूठ पता नहीं लेकिन इतना जरूर है कि नरसिम्हा राव बहुत पहले से किसी पूजा में लीन रह रामकाज के आतुर थे। 1991 से ही बाबरी विध्वंस की आवाजें उठ रही थीं। नरसिम्हा राव सब कुछ जानते थे। आखिर विष्णु के ही पर्याय तो थे नरसिम्ह भी। इस प्रधानमंत्री ने अपना नाम सार्थक कर दिया। यह तेलुगुभाषी नियोगी विप्र उस कश्मीरी पंडित की इस्लाम-परस्ती से ग्रसित नहीं था। अत: हेमंत शर्मा को इस न्यायप्रिय नरसिम्हा राव की पूरी तसवीर भी कभी लिखकर रूपित करनी चाहिए। प्रभात प्रकाशन से यह मेरा अनुरोध भी है। यूं हेमंत शिखर पत्रकार हैं। ख्यात और प्रतिष्ठित। फिर भी उनके बारे में उल्लेख हो। बी.एच.यू. से हिंदी में डॉक्टरेट। बाद में वहीं विजिटिंग प्रोफेसर भी हुए। सोलह साल तक लखनऊ में रह जनसत्ता तथा हिंदुस्तान में संपादकी की। फिर दिल्ली में टी.वी. पत्रकारिता। अयोध्या आंदोलन को काफी करीब से देखा। ताला खुलने से लेकर ध्वंस तक की। अयोध्या में मौजूद इकलौते पत्रकार। हेमंत को शायद पता हो कि 25 जून 1984 को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट का राष्ट्रीय अधिवेशन अयोध्या में मेरी अध्यक्षता में हुआ था। स्व. मोरोपंत पिंगले की प्रेरणा थी। तब पांच सौ विदेशी और भारतीय प्रतिनिधियों ने टाट-तले विराजे राम लला के दर्शन किए थे। कई रोए थे। अब वे सब प्रमुदित होंगे। मुझे यह गौरव हासिल हुआ था कि लखनऊ में ही हेमंत के वक्त मैं भी कार्यरत रहा। टाइम्स आफ इंडिया संवाददाता के रूप में। तब अखबार दिल्ली से ही छपकर आता था। राम फिर लौटे पढ़कर मुझे लगा पत्रकारिता श्रेयस्वी हो गई। बधाई साथी हेमंत, प्रिय अनुज।

## संक्षिप्त समाचार

### छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला परिवार सहित पहुंची मनोहर गौशाला



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन गुरुवार को अपने परिवार के लोगों के साथ खैरागढ़ स्थित मनोहर गौशाला पहुंची। यहां करीब सवा घंटे समय बिताने के दौरान उन्होंने गौ माता के दर्शन कर उनकी सेवा की। गौशाला में गौ माताओं के लिए की गई व्यवस्था पर उन्होंने काफी प्रसन्नता जाहिर की। साथ ही इस कार्य में लगे लोगों की सराहना की। 6 जनवरी को मनोहर गौशाला का 10वां स्थापना दिवस है। स्थापना दिवस के दिन के लिए समय नहीं होने के कारण उन्होंने दो दिन पहले ही यहां पहुंचकर गौ दर्शन का लाभ लिया। बता दें कि मनोहर गौशाला के मैनेजिंग ट्रस्टी पदम डाकलिया ने नववर्ष के उपलक्ष्य पर राज्यपाल विश्व भूषण हरिचंदन को स्थापना दिवस कार्यक्रम के लिए आमंत्रित कर गोबर से निर्मित वैदिक वास्तु गणपति की प्रतिमा भेंट की थी। समय की अनुकूलता होने पर राज्यपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने पर असमर्थता जताई थी। ऐसे में उनकी पत्नी व छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने पुत्रवधु, पोते व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गौशाला पहुंचकर इसका अवलोकन किया।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए फरवरी-2024 में अधिसूचना जारी होने की संभावना

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश सेवा का सपना देख रहे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए फरवरी 2024 के मध्य तक अधिसूचना जारी होने की संभावना है जोकि भारतीय सेना की वेबसाइट- www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध होगी। सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर ने इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी है कि अपना यूजर आईडी और पासवर्ड भारतीय सेना की वेबसाइट- www.joinindianarmy.nic.in पर बनाकर तैयार रखें ताकि ऑनलाइन पंजीकरण में आसानी हो। किसी भी स्पष्टीकरण अथवा सहायता के लिए उम्मीदवार, शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नया रायपुर के पास स्थित सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के दूरभाष क्रमांक- 0771-2965212 या 2965213 पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है इसलिए भर्ती कार्यालय ने अनधिकृत व्यक्तियों से सावधान रहने की अपील की है।




# मुनिश्री संधानसागर जी महाराज ने कहा- यूनिटी का फार्मूला जानें

**एलोरा ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य युवा तरूणाई के प्रखर वक्ता मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज ने कहा कि एकता जगने पर ही एक ताजगी आ सकती है। यूनिटी के इंग्लिश वर्णमाला स्वयं कहा रहा है कि यू का मतलब यूज करो-उपयोग करो, मिसयूज या अनयूज न हो बस परफेक्ट है। यूज होना चाहिए। मुनिश्री जी ने कहा कि एन कहा रहा है कि निगेटिवी से दूर रहो। आई कह रहा है कि अपनी रूचित यानी इंटरेस्ट बढ़ाने की आवश्यकता है, आगे टी का अर्थ बताते हुए कहा कि टेंशन से मुक्त रहो तभी वाई यानी यूथ बने रहोगे, युवा शब्द स्वयं कह रहा है कि वायु की तरह हमेशा बहते रहो। सक्रिय बने रहोगे तो आप भी युवा बने रहोगे। पूज्य मुनिवर ने एकता की अद्‌भूत व्याख्या की।



**उड़ती चिड़िया बहता पानी :** मुनिश्री जीने कहा कि हम प्यास बुझाने नहीं आये, हम तो प्यास जगाने आये थे। प्यास जग भी गई इसलिए तो अब आगे भी जाना है। तत्वार्थ सूत्र में आचार्य उभा स्वामी महाराज ने बहुत बड़ा सूत्र दे दिया, उत्पाद-व्यय ध्रोव्य युक्तं सत् आचार्य गुरूदेव कहते है आना-जाना तो लगा हुआ ही है। वैसे भी बहता पानी निर्मला कहा, रूक जाने पर पानी से भी गंध आने लगती है। मुनिश्री जी ने उदाहरण से समझाया कि बीजो की सुरक्षा मिट्‌टी में बोने से ही है। ज्ञान का दीपक एवं शील की सुगंध से इस सम्पूर्ण जीवन को महका दो। मुनिश्री जी ने एक भजन द्वारा सबकी संवेदनशील बना भावुक कर दिया। उड़ती चिड़िया बहता पानी इनकी कहानी किसने जानी। साधु तो नदी की तरह है वह कभी रूकती नहीं वापस लौटती नहीं कचरा रखती नहीं बस हम वैसे ही बन जाये।

**मुनिद्वय का हुआ विहार :** मुनिश्री 108 दुर्लभसागर जी महाराज एवं मुनिश्री 108 संधानसागर जी महाराज का विहार एलोरा से आज मध्यांह में हो गया। पूज्य युगल मुनि का बिहार धुनिया रोड की तरफ हुआ है। मुनिश्री संधानसागर जी महाराज ने आज दो बार पहाड़ की वंदना की साथ ही विद्यालय का निरीक्षण कर मुनिद्वय ने बच्चों को संबोधन किया। हथनूर एवं कन्नड़ वालों ने इस अवसर पर श्रीफल भेंट कर निवेदन किया कि अब तो आंगन में पधारो महाराज। मुनिश्री संधानसागर जी महाराज ने हथकरघा का भी अवलोकन किया। **-विद्यावाणी संकलन**

# दिगंबर जैन बड़ा मंदिर में अष्टमी तिथि पर प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का अभिषेक वृहद शांति धारा की गई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर में आज दिनाँक 5 दिसंबर 2023 तिथि पौष कृष्ण अष्टमी, वीर निर्माण संवत 2250 वृहस्पतिवार को प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का रजत कलश से अभिषेक किया गया ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि प्रत्येक माह पड़ने वाली अष्टमी एवं चतुर्दशी का दिन विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है अष्टमी एवं चतुर्दशी के दिन सभी दिगंबर जैन मंदिरों में विशेष पूजन अनुष्ठान विधान आदि का आयोजन किया जाता है राजधानी रायपुर के बड़ा दिगंबर जैन मंदिर मालवीय रोड में भी इन दिनों विशेष अभिषेक शांति धारा पूजन किया जाता है जिसमे आज बड़े मंदिर में प्रथम तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान का रजत कलशों से अभिषेक कलश उपरांत रिद्धि सिद्धि प्रदाता चमत्कारी वृहद शांति धारा का वाचन सुरेश मोदी द्वारा किया गया आज की रिद्धि सिद्धि प्रदाता चमत्कारिक शांति धारा करने का सौभाग्य संजय जैन सतना प्रेमी परिवार को प्राप्त हुआ तत्पश्चात उपस्थित सभी धर्म प्रेमी बंधुओं ने की श्रीजी की संगीतमय मंगल आरती की सभी से अष्टद्रव्यों से पूजन कर महाअर्घ चढ़ाया अंत में विसर्जन पाठ कर विसर्जन किया इस अवसर आज ट्रस्ट कमेटी के ट्रस्टी संजय जैन सतना उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू प्रवीण जैन, सुरेश मोदी, बंटी जैन, प्रणीत जैन, सुजीत जैन, किशोर जैन कृष जैन एवं बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी। **-संजय जैन, श्रेयश जैन बालू, प्रणीत जैन**

# मुख्य पात्र बनकर जिनेन्द्र देव की प्रतिमा की प्रतिष्ठा कराना सअतिशय पुण्य का कारण है : मुनि श्री विनम्रसागर जी महाराज

### पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के मुख्य पात्रों का हुआ चयन

### चौधरी विकास कुमार आकाश जैन को सौधर्म इन्द्र व वीना अजय जैन ललितपुर को माता-पिता बनने का मिला सौभाग्य





**तालबेहट/ललितपुर ( विश्व परिवार )।** कस्बे के पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि विनम्र सागर महाराज ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्य पात्र बनकर जिनेन्द्र देव की प्रतिमा की प्रतिष्ठा कराना महा सौभाग्य की बात एवं सअतिशय पुण्य का कारण है। जो श्रावक प्रतिदिन देव दर्शन, छानकर पानी पीने और रात्रि भोजन त्याग के नियम का पालन करते हैं वह सच्चे जैन हैं। सुबह मुनि विनम्र सागर महाराज के साथ मुनि निस्वार्थ सागर, मुनि निर्मद सागर, मुनि निसर्ग सागर, मुनि श्रमण सागर एवं क्षुल्लक हीरक सागर के सानिध्य में सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पूजन एवं शान्तिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। आचार्य श्री के चित्र अनावरण दीप प्रज्वलन एवं पाद पृच्छालन के पश्चात मुनि विनम्र सागर महरज ने कहा कई जन्मों के पुण्योदय से जैन कुल मिलता है तो सभी को अपना गौरव बढ़ाकर प्रशंसा का पात्र बनना चाहिए। उन्होंने कहा की परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं, सभी को प्राणी मात्र के प्रति दया भाव रखना चाहिए। मौसम परिवर्तन एवं प्रतिकूलता में जरूरतमंद की मदद करना एवं जीवों की रक्षा और सभी का सहयोग करना चाहिए। मन को बढ़ा करोगे तो भावना प्रबल होगी, सभी को कार्यक्रम में तन मन धन से सहयोग करना चाहिए।

आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद और परम प्रभावक शिष्य पूज्य मुनि विनम्र सागर महाराज के ससंघ सानिध्य से 21 से 26 जनवरी 2024 तक होने वाले ऐतिहासिक श्रीमज्जिनेंद्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा, हवन एवं गजरथ महोत्सव मंगलाचरण हेतु दोपहर की बेला में वाणी भूषण बाल ब्रह्मचारी विनय भैया एवं नितिन भैया खुरई के सानिध्य में पंचकल्याणक एवं गजरथ महोत्सव के मुख्य पात्र चयन किया गया। जिसमें वीना अजय जैन ललितपुर माता-पिता, चौधरी नेहा विकास कुमार, रूबी आकाश जैन सौधर्म इन्द्र, मिठया यशपाल जैन कुबेर इन्द्र, सुरेन्द्र कुमार प्रीतेश जैन सौरभ पवैया ध्वजारोहणकर्ता, मोदी यशपाल सागर जैन महायज्ञनायक, अजय जैन अज्जू राजा श्रेयांश, सजल कुमार गोल्डी जैन राजा सोम, मोदी देवेंद्र जैन बसार भरत चक्रवर्ती, निर्मल कुमार नितिन बुखारिया बाहुबली इन्द्र, चौधरी गजेन्द्र कुमार मुकुल जैन देवास एवं मिठया राजीव कुमार जैन यज्ञ नायक, नरेश कुमार जैन पारौन ईशान इन्द्र, मोदी प्रकाश चंद प्रिंस जैन पारौन सनत कुमार इन्द्र, डॉ. महेंद्र कुमार जैन महेंद्र इन्द्र, मोदी कमल कुमार कपिल जैन बसार ब्रह्म इन्द्र, मोदी अरूण कुमार अभिषेक जैन को श्रावकश्रेष्ठी बनने का सौभाग्य मिला। सायं काल की बेला में आचार्य भक्ति, संस्कृतिक कार्यक्रम एवं महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन मंदिर समिति, पंचकल्याणक समिति, अहिंसा सेवा संगठन, वीर सेवा दल, जैन युवा सेवा संघ, जैन मिलन सहित सकल दिगम्बर जैन समाज का सक्रिय सहयोग रहा। संचालन चौधरी चक्रेश जैन एवं आभार व्यक्त आदेश मोदी एवं सौरभ जैन ने संयुक्त रूप से किया।

**-विशाल जैन पवा**

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 68वीं बैठक सम्पन्न



**बिलासपुर ( विश्व परिवार )।** क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, बिलासपुर की 68 वीं बैठक अपर महाप्रबंधक श्री विजय कुमार साहू की अध्यक्षता में दिनांक 04 जनवरी, 2024 को जोनल सभाकक्ष, बिलासपुर में सम्पन्न हुई। बैठक के प्रारंभ में श्री शशि प्रकाश द्विवेदी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने अपर महाप्रबंधक, सभी विभागाध्यक्षों तथा मंडलों/कारखानों के सभी सदस्यों का स्वागत किया। श्री लोकेश कुमार शर्मा, वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी राजभाषा प्रगति पर मदवार आंकड़े प्रस्तुत किये जिसपर बैठक में उपस्थित सदस्यों ने विस्तारपूर्वक चर्चा की।

श्री विजय कुमार साहू, अपर महाप्रबंधक ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि इस रेलवे में राजभाषा का कामकाज संतोषप्रद है, तथापि इसमें निरंतर वृद्धि करने के उपाय किए जाने चाहिए। भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार सरकारी कामकाज में सरल एवं सहज हिंदी का प्रयोग किया जाना अपेक्षित है। कामकाज के दौरान कठिन हिंदी के प्रयोग से बचना चाहिए और आम जनता में लोकप्रिय एवं प्रचलित शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। कार्यालयीन पत्र-व्यवहार के साथ-साथ रेल यात्रियों एवं ग्राहकों की सुविधाओं से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी सरल हिंदी भाषा में जारी की जानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय ने द.पू.म.रेलवे, बिलासपुर के केंद्रीय पुस्तकालय को एन.आई.सी. की ई-ग्रंथालय सेवा से जोड़े जाने के कार्य को इस रेलवे की बड़ी उपलब्धि बताया।

श्री शशि प्रकाश द्विवेदी, मुख्य राजभाषा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि यह हर्ष का विषय है कि प्रधान कार्यालय में ई-पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है और दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के केंद्रीय पुस्तकालय को ऑल इंडिया रेलवे के क्लस्टर में जोड़ दिया गया है। रेलवे बोर्ड, राजभाषा निदेशालय द्वारा प्रधान कार्यालय एवं बिलासपुर मंडल कार्यालय, द.पू.म. रेलवे बिलासपुर में निरीक्षण के उपरांत प्रेषित की गई रिपोर्ट में दोनों कार्यालयों में हिंदी में किये जा रहे कार्यो की सराहना की गई है।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों से राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेजों को अनिवार्यत: हिंदी-अंग्रेजी द्विभाषी में जारी करना सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन समिति के सचिव एवं वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी श्री लोकेश कुमार शर्मा ने किया।

# जैन मुनि अनुत्तर सागर के 258 उपवास पूर्ण, हर्ष व्यक्त किया



**नई दिल्ली ( विश्व परिवार )।** श्रमणाचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के परम तपस्वी शिष्य आत्मविजयी मुनिश्री 108 अनुत्तर सागर जी महाराज के सन 2023 मे 258 उपवास सानंद संपन्न होने पर सकल दिगंबर जैन समाज बड़ौत ने हर्ष व्यक्त किया है।

ज्ञात हो कि मुनि श्री अनुत्तर सागर जी महाराज ने सन 22 मे 256 उपवास किए थे।और 2023 मे बड़ौत चतुर्मास मे पूरे वर्ष मे 256 से अधिक व्रत का संकल्प लिया था।आपाने अपना संकल्प पूरा कर निर्विघ्न रूप से 258 व्रत पूर्ण कर लिए हैं।

मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि मुनिश्री अभी तक कुल 1900 से अधिक निर्जल उपवास कर चुके है। आपका नाम गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड, लंदन बुक ऑफ रिकार्ड, एलाइट बुक आफ रिकार्ड में दर्ज किया गया है।मुनिश्री का तीन रसो का त्याग है। वे अभी तक 29000 चरूसे अधिक पद यात्रा कर चुके है। आप प्रथमानुयोग के ज्ञाता है। आप चारित्र शुद्धि व्रत के 1234 उपवास पूर्ण कर चुके है।आपके सहस्त्रनाम के 428 उपवास भी पूर्ण हो चुके हैं। आपने आचार्य श्री के साथ अभी तक 99 पंचकल्याणक मे अपना सानिध्य प्रदान किया है। 2023 का ऐतिहासिक चातुर्मास बड़ौत मे पूर्ण कर आप आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज और 25 मुनियों सहित धारूहेडा की ओर मंगल विहार कर रहे है और आज कुंडली पहुँच चुके हैं। दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रवीण जैन, महामंत्री मनोज जैन, अजितनाथ मन्दिर कमेटी के अध्यक्ष सुभाष जैन, महामंत्री अशोक जैन, सुरेंद्र जैन, अनिल जैन, विनोद जैन एडवोकेट, संतोष जैन एडवोकेट, पंकज जैन, राकेश जैन, अतुल जैन, धनेंद्र जैन, आनंद जैन आदि ने मुनिश्री की उपलब्धि पर हर्ष जताया है। **-वरदान जैन**

# छत्तीसगढ़ महिला चेंबर के तत्वाधान में हर्पिस (शिन्गल्स) जागरूकता कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

### सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया ने शिन्गल्स के प्रभाव और बचाव पर जानकारी दी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला चेंबर प्रदेश महामंत्री पिंकी अग्रवाल जी ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला चेम्बर द्वारा सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया जी के सानिध्य में आज दिनांक 04-01-2024 को चेंबर भवन में हर्पिस (शिन्गल्स) जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया जी ने हर्पिस (शिन्गल्स) पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

श्रीमती पिंकी अग्रवाल जी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आगे कहा कि हर्पीज़ सिंप्लेक्स वायरस संक्रमण के कारण त्वचा, मुंह, होंठ (मुंह के छाले), आँखों या जननांगों पर छोटे, दर्दनाक, तरल पदार्थ से भरे फफोले के बार-बार होने की घटना होती है। सीनियर कंसल्टेंट फिजिशियन डॉ. अरुण केडिया जी ने हर्पिस (शिन्गल्स) की जानकारी साझा करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित व्यपरिगणों को प्रोजेक्टर (चलचित्र) के माध्यम से बताया कि दुनिया भर में लाखों लोग हर्पीस वायरस से संक्रमित हैं। यह एक संक्रामक संक्रमण है और संक्रमित व्यक्ति की त्वचा, श्लेष्मा झिल्ली या शारीरिक तरल पदार्थ के सीधे संपर्क से फैल सकता है। इस बीमारी में प्रभावित क्षेत्र में दर्दनाक घाव या छाले, खुजली और जलन होती है। वायरस शरीर में निष्क्रिय रह सकता है और पुन: सक्रिय हो सकता है, जिससे लक्षण बार-बार उभर सकते हैं। हर्पीस सिम्प्लेक्स वायरस (एचएसवी), जैसा कि पहले उल्लेख किया गया था, हर्पीस का कारण बनता है। एचएसवी दो अलग-अलग रूपों में आता है, एचएसवी-1 और एचएसवी-2। एचएसवी-1 आमतौर पर मौखिक दाद के लिए जिम्मेदार होता है, जिसे कभी-कभी कोल्ड सोर के रूप में भी जाना जाता है, जबकि एचएसवी-2 मुख्य रूप से जननांग दाद का कारण बनता है।

हरपीज के लक्षण वायरस कहां स्थित है, इसके आधार पर हरपीज के लक्षण बदल सकते हैं। सामान्य तौर पर, लक्षणों में शामिल हो सकते हैं:- दर्दनाक घाव या छाले, प्रभावित क्षेत्र में जलन या खुजली, बढ़े हुए लिम्फ नोड्स, बुखार और अन्य फ्लू जैसे लक्षण, जैसे थकावट, मुँह के छाले, जिन्हें अक्सर मौखिक दाद के रूप में जाना जाता है, आमतौर पर होठों पर या उसके पास विकसित होते हैं और उनकी उपस्थिति से आसानी से पहचाने जाते हैं। आमतौर पर, वे छोटे लाल फुंसियों के रूप में शुरू होते हैं जो असुविधाजनक फफोले में बदल जाते हैं। जब छाले फूटते हैं, तो एक दर्दनाक, उथला अल्सर रह जाता है।हरपीज का इलाज अक्सर एंटीवायरल दवाओं जैसे एसाइक्लोविर, वैलेसीक्लोविर और फैम्सिक्लोविर से किया जाता है। ये दवाएं वायरस की पुनरुत्पादन और प्रसार करने की क्षमता को रोककर कार्य करती हैं। इन्हें मौखिक रूप से सेवन किया जा सकता है या क्रीम के रूप में शीर्ष पर उपयोग किया जा सकता है। पेरासिटामोल और इबुप्रोफेन जैसी ओवर-द-काउंटर दर्द निवारक दवाओं से भी हर्पीज़ से संबंधित असुविधा को प्रबंधित किया जा सकता है। प्रभावित क्षेत्र को ठंडे, गीले कपड़े से ढकने से भी मदद मिल सकती है।

# जिले में कोरोना संक्रमित दो मरीजों की हुई पहचान

**सूरजपुर-रायपुर ( विसं )।** छत्तीसगढ़ में कोरोना एक बार फिर से अपना पांव पसारने गा है। राजधानी रायपुर के अलावा आसपास के जिलों के साथ अब सूरजपुर जिले में भी कोरोना संक्रमण के दो मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग सकते में आ गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों संक्रमितों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। इसको लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आरएस सिंह ने बताया कि जिला अस्पताल द्वारा 100 सैंपल की जांच रोजाना की जा रही है उसी के तहत जो सर्दी, खांसी और बुखार वाले मरीज आते हैं उन लोगों के रैपिड डेंटिजन किट से जांच कराया गया था। अब इसमें प्रतापपुर के एक ही परिवार के दो व्यक्तियों में कोविड पॉजिटिव की पुष्टि हुई है। इन दोनों व्यक्तियों को हमने होम आइसोलेशन में रखा है। फिलहाल उनकी स्थिति अभी ठीक है।

# अतिशय क्षेत्र निमोला में दो दिवसीय वार्षिक मेला 6 व 7 तारीख को निकलेगी भव्य ऐतिहासिक श्री जी की विशाल रथ यात्रा

### रजत कलश से होगा श्री जी का अभिषेक



**निमोला/टोंक ( विश्व परिवार )।** अतिशय क्षेत्र निमोला में आगामी 6 व 7 तारीख को दो दिवसीय वार्षिक मेले का आयोजन एवं भगवान पार्श्वनाथ का 2900 वाँ जन्म जयंती एवं तप कल्याणक महोत्सव एवं वार्षिक कलशाभिषेक समारोह मनाया जाएगा।

राजेश अरिहंत एवं प्रकाश पटवारी ने राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि पत्रकार को बताया कि 6 तारीख को प्रात:श्री जी का अभिषेक, शांतिधारा एवं शांति मंडल विधान की पूजा होगी विधान के पुण्यार्जक श्रीमती चंद्रकला देवी राजकुमार मनोज कुमार कुशाल कुमार काव्य कुमार जैन सोनी परिवार होंगे। इस अवसर पर एक विशाल पदयात्रा पांच मंदिर पुरानी टोंक से प्रात: 10:00 बजे रवाना होगी जो कचोलिया सोनवा अरनिया माल होते हुए निमोला पहुंचेगी। सांय काल भगवान पार्श्वनाथ की महाआरती सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्तामर पाठ एवं दुर्गेश एंड पार्टी द्वारा भजन संध्या का आयोजन होगा।

प्रबंध समिति के संरक्षक रमेश काला ने बताया कि 7 तारीख को प्रात: 6:30 बजे श्रीजी का अभिषेक तत्पश्चात वृहद शांति धारा दोपहर में झंडारोहण चित्र अनावरण एवं अखंड दीप प्रज्वलन के पश्चात श्री जी को रथ में विराजमान कर श्री जी की विशाल रथयात्रा नगर भ्रमण करती हुई मुख्य बाजार होते हुए मेला प्रांगण में पहुंचेगी जहां पर श्री जी का रजत कलशो से कलशाभिषेक किया जाएगा।

समिति के अध्यक्ष कपूर चंद पाटौदी मंत्री बाबूलाल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरोज नरेश बंसल जिला प्रमुख टोंक अध्यक्षता हुकुमचंद प्रेम देवी जैन विशिष्ट अतिथि मिश्रीमल भगवती जैन बोहरा पीसी छाबड़ा तिलकमति छाबड़ा महावीर प्रसाद प्रेम देवी गोयल चित्र अनावरणकर्ता लालचंद सुशीला देवी सोगानी झंडारोहण कर्ता महावीर प्रसाद सुशीला देवी सुराशाही दीप प्रज्वलन धर्मचंद मंजू देवी जैन द्वारा किया जाएगा कार्यक्रम में टोंक देवली उनियारा निवाई मेहंदवास छान दुनी भरनी मालपुरा टोडा जयपुर दिल्ली मुंबई कोलकाता आदि स्थानो से श्रद्धालु पधारेंगे। **-पारस जैन पार्श्वमणि**

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में नि:शुल्क बी-वन खसरा एवं जाति प्रमाण पत्र का वितरण

**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले के विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत एलईडीयुक्त प्रचार वाहन के माध्यम से कई ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और उन्हें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों ने योजना से हुए लाभ के बारे में बताया। 'धरती कहे पुकार के' की प्रस्तुति के माध्यम से किसानों को रासायनिक उर्वरक के प्रयोग से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया और उन्हें जैविक खाद का उपयोग कर प्राकृतिक खेती को अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसी तरह आज चारामा ब्लाक के ग्राम पंचायत हाराडुला में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में नि:शुल्क बी-1 खसरा, जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया एवं भूमि संबंधित दस्तावेजों को 100 प्रतिशत करने के लिए संबंधित हल्का पटवारी को अभिनन्दन पत्र भी प्रदान किया गया। इसके अलावा जिले के अंतागढ़ विकासखंड में ग्राम आमाबेड़ा एवं टिमनार, चारामा के तुएगहन और हाराडुला, दुर्गूकोंदल के लोहत्तर और जाड़ेकुर्से, कांकेर के पाण्डरवाही और नाथिया नवांगांव, कोयलीबेड़ा के पुरूषोत्तमनगर और इन्द्रप्रस्थ तथा नरहरपुर के मावलीपारा और मांडाभर्री में शिविर का आयोजन हुआ।

### प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से लाभान्वित हुईं सिरमोतिन जैन

**कांकेर(विश्व परिवार)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आज कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत-नारा में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना की लाभार्थी श्रीमती सिरमोतिन जैन ने 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के जरिए योजना से हुए लाभ के बारे में उपस्थित ग्रामीणजनों को बताया। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के समय हुए लॉक डाउन में सभी व्यवसाय बंद हो गया था। इस दौरान जीवकोपार्जन का कोई भी साधन नहीं था। उस समय आय का कोई स्त्रोत नहीं होने से परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनके परिवार को चावल खरीदकर खाना पड़ता था, जिससे बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसे समय में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना शुरू होने से उन्हें और उनके परिवार को बहुत राहत मिली है। श्रीमती जैन ने बताया कि कोरोना काल से अब तक उन्हें नि:शुल्क राशन मिल रहा है। इसके तहत फोर्टिफाइड चावल मिलता है, जिसमें युक्त पोषक तत्वों से कुपोषण भी दूर हो रही रही है। श्रीमती सिरमोतिन ने इस योजना को गरीब परिवारों के लिए अत्यंत कल्याणकारी बताते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार प्रकट किया।

### राखड़ ईंट ने महिलाओं के लिए खोली आत्मनिर्भरता की राह

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लगन सही हो तो आत्मनिर्भरता की राह स्वयं ही खुल जाती है। इस बात को जिला मुख्यालय से 80 किलोमीटर दूर ग्राम चिर्रा की चंद्रमुखी स्व-सहायता समूह की महिलाएं चरितार्थ कर रहीं हैं। वनक्षेत्र में भी रहकर शहर के राखड़ प्रदूषण को कम करने में अपना योगदान देते हुए महिलाएं इससे ईंट का निर्माण कर रही हैं। समूह में शामिल 12 महिलाएं प्रतिदिन 5,000 ईंट तैयार कर रहीं है। इस काम से समूह की प्रत्येक महिलाओं को प्रतिमाह पांच से छह हजार रूपये की आमदनी हो रही है। ईंट निर्माण कार्य ने महिलाओं के लिए आत्मनिर्भरता की राह खोल दी है। शहर वासियों के लिए भले राखड़ समस्या बनी है, लेकिन दूरस्थ ग्राम चिर्रा की महिलाओं ने इसे आजीविका का साधन बना लिया हैं। राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास निर्माण को प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट की मांग बढ़ गई है। ईंट निर्माण से जुड़ी चंद्रमुखी महिला स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष ललिता राठिया का कहना है कि राखड़ से ईंट बनाने का काम वे पिछले दो माह से कर रहीं है। दो माह के भीतर वे 1.35 लाख ईंट तैयार कर चुकी हैं। ललिता ने बताया कि निश्शुल्क राखड़ जिला प्रशासन की ओर से पहुंचा कर दी जाती है। इस वजह से उन्हें मिट्टी की जरूरत नहीं। अब तक उन्हें सात हाइवा राखड़ उपलब्ध कराया जा चुका है। राखड़ के साथ सीमेंट का मिश्रण तैयार कर ईंट बनाई जा रही। ललिता ने बताया कि ईंट बनाने के सांचा भी उन्हे राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत प्राप्त हुआ हैं। ईंट बनाने क लिए प्रशासन की ओर से प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया था। सीमेंट की खरीदी का निर्वहन समूह करती है। बंगला ईंट की तुलना में अधिक गुणवत्तायुक्त तैयार कर ईंट देने से आसपास के गांवों में ईंट की मांग बढ़ी है। ललिता ने बताया कि चिर्रा के अलावा श्यांग, बलसेंधा, सिमकेंदा आदि गांव में ईंट की आपूर्ति कर रहीं है। ललिता का कहना है राखड़ ईंट की खास बात यह है कि इसे पकाने के लिए कोयला या लकड़ी ईंधन की जरूरत नहीं। सीमेंट मिश्रण होने के कारण यह दो से तीन दिन में सूखकर उपयोग के लायक बन जाता है।

# नहीं चलेगा अटकाने, लटकाने, भटकाने का खेल - केदार कश्यप

## पदभार सम्हालते ही मंत्री की अफसरों को दो टूक

**विभागीय कार्यों की समीक्षा शुरू कर दी मंत्री कश्यप ने**



**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** समूचे बस्तरवासियों की आराध्य देवी दंतेश्वरी माई का आशीर्वाद लेकर बस्तर के आदिवासी सपूत और छत्तीसगढ़ शासन के वन, जलवायु परिवर्तन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने बुधवार को नवा रायपुर स्थित महानदी भवन मंत्रालय में अधिष्ठात्री देवी माई दंतेश्वरी के आशीर्वाद से एवं ईष्टदेव की कृपा से विधिवत् पूजा -अर्चना कर वन एवं जलवायु,जल संसाधन, कौशल विकास एवं सहकारिता विभाग कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने कुर्सी सम्हालते ही विभागीय कार्यों का समीक्षा की। इस अवसर पर इष्टजन एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बस्तर संभाग की नारायणपुर सीट से विधायक चुनकर मंत्री बने केदार कश्यप बस्तर के फायर ब्रांड आदिवासी नेता माने जाते हैं। तेज तर्रार छवि वाले केदार कश्यप इससे पहले डॉ. रमनसिंह की नेतृत्व वाली सरकार में भी मंत्री रह चुके हैं। लिहाजा उनके पास मंत्रालय चलाने का अच्छा खासा तजुर्बा है। प्रभार वाले चारों विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उन्हें अपनी चिकनी चुपड़ी बातों में उलझा नहीं पाएंगे। केदार कश्यप उच्च शिक्षित भी हैं और लंबे समय से राजनीति में सक्रिय हैं। तीन बार विधायक रह चुके श्री कश्यप सभी विभागों की अच्छी समझ और जानकारी रखते हैं। इसलिए मंत्रालय चलना उनके लिए कोई बड़ी बात नहीं है। अधिकारियों को यह मुगालता पालना घातक साबित हो सकता है कि मंत्री केदार कश्यप तो नए नवेले हैं और उन्हें बातों में उलझाया जा सकता है। केदार कश्यप राजनीति के धुरंधर खिलाड़ी हैं और अच्छे अच्छों का पानी उतार देने का माद्दा रखते हैं। कुर्सी सम्हालने के पहले दिन ही अफसरों को उन्होंने अपनी काबिलियत का ट्रेलर भी दिखा दिया। विभागीय कामकाज की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री कश्यप अफसरों से ऐसे सवाल पूछ बैठे, जिनका जवाब देते नहीं बन रहा था। पहले ही दौर में अधिकारियों को केदार कश्यप ने इशारों से समझा दिया कि अटकाने, लटकाने और भटकाने का खेल अब नहीं चलने वाला है। कहते हैं न फर्स्ट इम्प्रेशन इस लास्ट इम्प्रेशन, सो अफसर भी समझ गए कि साहब के सामने दाल नहीं गलने वाली है। राजस्थान से गुरुमंत्र लेकर आज ही लौटे केदार कश्यप के कड़क तेवर को देख अधिकारियों के पसीने भी छूटने लगे थे। सूत्रों ने बताया कि मंत्री केदार कश्यप अब जल्द ही मैदानी स्तर पर भी फुल एक्शन मोड में नजर आने वाले हैं।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की

**वर्ष 2024 में जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरे ऊर्जा, उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने के दिए निर्देश**

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में चल रहे विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को वर्ष 2024 में बालोद जिले में विभिन्न शासकीय योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु पूरे ऊर्जा, उत्साह एवं प्रतिबद्धता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। जिससे की बालोद जिले को निर्धारित समयावधि में शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन में अग्रणी स्थान हासिल हो सके। इसके साथ ही शासन के विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच सके। इस दौरान उन्होंने विधानसभा आम निर्वाचन 2023 एवं शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री शशांक पाण्डेय एवं राजस्व अनुविभागीय अधिकारी के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में श्री शर्मा ने केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से बालोद जिले में आयोजित की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने जिले में अब तक आयोजित शिविरों में 'धरती कहे पुकार', 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' आदि के कुल प्रस्तुति के संबंध में जानकारी ली। इसके लिए उन्होंने शिविर में आयोजित स्वास्थ्य कैंपों में लाभान्वित होने वाले कुल लोगों की संख्या के संबंध में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने स्वास्थ्य शिविरों में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित कराने तथा स्वास्थ्य परीक्षण कर समुचित मात्रा में दवाई आदि का वितरण कराने के भी निर्देश दिए। श्री शर्मा ने ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविरों में अब तक कुल आयुष्मान कार्ड का वितरण तथा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत कराए गए हितग्राहियों के कुल पंजीयन की भी जानकारी ली।

## फंदे पर लटकती मिली 10वीं और 8वीं क्लास के छात्र

**छात्रा की लाश, प्रेम प्रसंग में असफल होने के बाद उठाया खौफनाक कदम**

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में स्कूल में पढ़ने वाले नाबालिग छात्र, छात्रा की लाश फांसी के फंदे पर मिलने से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि मृतक छात्र 10वीं क्लास का छात्र थाए जबकि छात्रा आठवीं क्लास में पढ़ती थी। दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात बतायी जा रही है। पुलिस की जांच में पता चला है कि दोनों एक ही गांव में रहकर अलग। अलग स्कूल में पढ़ते थे। पुलिस दोनों नाबालिग छात्र। छात्रा के प्रेम में असफल होने के बाद कदम उठाने की आशंका जता रही है। जानकारी के मुताबिक पूरा मामला बलरामपुर के डवरा थाना इलाके का है। जहां नाबालिक लड़का और लड़की ने एक साथ पेड़ पर फंदे से लटककर अपनी जान दे दी। जानकारी के मुताबिक मृतक लड़का कक्षा दसवीं में पढ़ाई कर रहा था, वहीं मृतिक लड़की कक्षा आठवीं में पड़ती थी। वहीं मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर, मामले की जांच शुरु कर दी है। वहीं इस मामले में एसपी लाल उमेंद्र सिंह ने कहा है की डवरा थाना क्षेत्र में आठवीं क्लास की लड़की और 10 वीं क्लास के लड़का द्वारा नायलॉन की रस्सी से एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला आया है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। और आत्महत्या के कारणों का पता किया जा रहा है, मृतक और मृतिका दोनों अलग, अलग स्कूल में पढ़ाई करते थे। एक ही गांव के है और आसपास घर था।

## जीवन के 90 सावन देख चुके वयोवृद्ध केजूराम आज भी हैं पूरी तरह स्वस्थ

**कांकेर(विश्व परिवार)।** नरहरपुर के ग्राम मावलीपारा में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आयोजित विशेष ग्रामसभा में पहुंचे वयोवृद्ध श्री केजूराम फुलसुंघिया ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत धरती कहे पुकार के थीम अंतर्गत प्राकृतिक खेती की बात कही गई, जिसमें शत-प्रतिशत सच्चाई है। उन्होंने बताया कि उम्र के इस पड़ाव में उनके स्वस्थ जीवन का राज़ भी यही है। जीवन भर नैसर्गिक (प्राकृतिक) खेती की और अपने परिवार के सभी लोगों को भी इसके लिए सतत प्रेरित किया। श्री केजूराम ने कहा कि आज के दौर में अधिकांश बीमारियों की जड़ रासायनिक खाद व कीटनाशक दवाओं का अंधाधुंध प्रयोग ही है, जिससे आदमी दिन प्रतिदिन कमजोर और कई असाध्य बीमारियों से घिरता जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में जाकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया, जिसमें बीपी और शुगर की रिपोर्ट नॉर्मल आई। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को रासायनिक खाद और दवाइयों का इस्तेमाल नहीं करने और जैविक खेती अपनाने की बात कही, जिससे मिट्टी और मनुष्य दोनों स्वस्थ और दीर्घायु बन सकेंगे। इस दौरान श्री केजूराम ने कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला से भेंट कर शासन द्वारा प्राकृतिक खेती को पुनर्जीवित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना भी की।

## कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय तरीके से मनाने अधिकारियों की ली बैठक

**सभी विभागों को दिए जाने वाले दायित्वों के बारे में कराया गया अवगत**

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने विगत दिवस कलेक्टोरेट सभाकक्ष में गणतंत्र दिवस 26 जनवरी समारोह की तैयारी के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने गणतंत्र दिवस समारोह की सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभाग प्रमुखों को सौंपे जाने वाले दायित्वों के बारे सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। बैठक में अपर कलेक्टर श्री अविनाश भोई द्वारा जिले में गणतंत्र दिवस समारोह में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि समारोह में परेड, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागों के झांकी प्रदर्शनी जैसे अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री छिकारा ने समारोह के सफल आयोजन हेतु आवश्यक व्यवस्था, मंच निर्माण, बैठक व्यवस्था, बेरिकेडिंग, साज सज्जा, परिवहन, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, पुरस्कार, निमंत्रण पत्र, प्रशस्ति पत्र, जैसे विभिन्न कार्यों का विभाग प्रमुखों को दायित्व सौंपते हुए तय समय में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए गणतंत्र दिवस समारोह में कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत समारोह आयोजित किया जाएगा। मास्क लगाना और सामाजिक दूरी का पालन करना होगा। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय कार्यालयों व मुख्य समारोह में राष्ट्र ध्वज संहिता का पालन करते हुए पूरी गरिमा और सम्मान के साथ राष्ट्रध्वज फहराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन पुलिस लाइन परेड ग्राउंड गरियाबंद में किया जाएगा। यहां सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा।

# पीपल की छांव तले जमीन पर ग्रामीणों के बीच लगाई विधायक-कलेक्टर ने चौपाल



**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले के नरहरपुर विकासखंड अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति कमार बाहुल्य ग्राम पंचायत मावलीपारा में आज प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के तहत विशेष ग्रामसभा का आयोजन हुआ। उक्त ग्राम सभा में कांकेर विधानसभा के विधायक श्री आशाराम नेताम और कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला शामिल हुईं, जहां पर उन्होंने पीपल पेड़ के नीचे ज़मीन पर बैठकर चौपाल लगाई और ग्रामीणों की विभिन्न मांगें व समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने एक-एक करके अपनी समस्याएं रखीं। ग्रामसभा में ग्रामीणों ने पेयजल उपलब्धता की समस्या, लो-वोल्टेज, स्कूल मरम्मत, आवास एवं आंगनबाड़ी की मांग सहित गांव की अन्य विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक एवं कलेक्टर ने विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं के तहत ग्रामीणों को सहायक उपकरण, राशन कार्ड, छड़ी एवं श्रवण यंत्र तथा आयुष्मान कार्ड वितरित किए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत मावलीपारा में विधायक श्री आशाराम नेताम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुसार आमजनता को सभी शासकीय योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत आज विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया है, जहां विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की शत-प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाने की कवायद की जा रही है। उन्होंने आगे कहा कि योजनाएं आमजनता के कल्याण के लिए बनाई जाती हैं। ग्रामीणों को अपनी आय दुगनी करने मेहनत के साथ-साथ शासन की योजनाओं की जानकारी होना भी बेहद जरूरी है। ग्रामसभा में कलेक्टर ने ग्रामीण महिलाओं से कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुसार गांव की महिलाओं का कौशल उन्नयन करते हुए उन्हें स्वरोजगार और व्यवसाय से जोड़कर लखपति बनाया जाएगा, जिसके लिए लखपति दीदी योजना लाई जा रही है। इसके लिए सभी को जागरूक होकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में मेहनत कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने केरल के महिला समूहों का उदाहरण देते हुए स्वसहायता समूह की सदस्यों को बाजार की मांग के अनुसार रोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। योजनाओं से लाभान्वित हुए ग्रामीण, वितरित किए गए उपकरण एवं सामग्री-ग्राम मावलीपारा में विशेष ग्रामसभा के आयोजन के साथ-साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी आयोजन किया गया, जहां पर विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही शिविर लगाकर ग्रामीणों को लाभान्वित भी किया गया। शिविर में राजस्व विभाग की ओर से 11 ग्रामीणों को बी-वन, खसरा वितरित किया गया। खाद्य विभाग की ओर 04 महिलाओं को नया राशन कार्ड बनाकर समाज कल्याण विभाग द्वारा 06 ग्रामीणों को नि:शुल्क छड़ी और दो को श्रवण यंत्र वितरित किए गए।

## व्यापार समाचार

## ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 09 जनवरी, 2024 को खुलेगी

**मुंबई (एजेंसी)।** वैश्विक स्तर पर धातु काटने वाले कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीनों की अग्रणी विनिर्माताओं में से एक ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड (कंपनी) ने मंगलवार, 09 जनवरी, 2024 को इक्विटी शेयरों (इशू) की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश पेश करने का प्रस्ताव किया है। बाज़ार हिस्सेदारी के लिहाज़ से वित्त वर्ष 2023 में कंपनी की भारत में तीसरी सबसे बड़ी और कैलेंडर वर्ष 2022 में विश्व स्तर पर बारहवीं सबसे बड़ी रही (स्त्रोत: एफएंड एस रिपोर्ट)। एंकर निवेशक के बोली लगाने की तारीख, बोली/इशू खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले, यानी सोमवार, 08 जनवरी, 2024 है और यह बोली/इशू गुरुवार, 11 जनवरी, 2024 को बंद होगी। इस पेशकश के लिए मूल्य दायरा 315 प्रति इक्विटी शेयर से 331 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बोली न्यूनतम 45 इक्विटी शेयर के लिए और उसके बाद 45 इक्विटी शेयर के गुणकों में लगाई जा सकती है। कंपनी की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश में 10,000.00 मिलियन का फ्रेश इशू शामिल है। कंपनी ने इस इशू द्वारा जुटाई गई राशि का उपयोग कुछ ऋण के पूर्ण या आंशिक पुनर्भुगतान और/या पूर्व-भुगतान, कंपनी की दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की ज़रूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के वित्तपोषण के लिए करने का प्रस्ताव किया है।

## आईटेल ने लॉन्च किया ए70; भारत का पहला स्मार्टफोन 256 जीबी रोम और 12जीबी रैम के साथ मात्र रु 7299 में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नव भारत में 10हज़ार से नीचे वाले सेगमेन्ट में सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्राण्ड आईटेल ने मात्र रु 7299 की कीमत पर 256 जीबी स्टोरेज और 12 जीबी रैम वाले भारत के पहले स्मार्टफोन का लॉन्च किया है। इस कदम के साथ कंपनी अपनी ए-सीरीज़ का विस्तार करते हुए उपभोक्ताओं के व्यापक स्टोरेज समाधान उपलब्ध कराने जा रही है। बड़ी मैमोरी से युक्त आईटेल ए70, 6.6 इंच के एचडी डिस्प्ले तथा सहज यूज़र इंटरफेस के साथ आता है। स्मार्टफोन को दो वेरिएन्ट्स में लॉन्च किया गया है-128 जीबी स्टोरेज 12 जीबी (4 प्लस 8) रैम के साथ तथा 64जीबी स्टोरेज 12 जीबी (4 प्लस 8) रैम के साथ। उपभेक्ता एमज़ॉन पर 'नोटिफाय मी' लिंक के ज़रिए इसके लिए रजिस्टर कर सकते हैं। आईटेल ए70 5 जनवरी से चार शानदार रंगों में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन स्टोर्स पर सेल के लिए उपलब्ध होगा। आईटेल की ओर से यह नया लॉन्च मैमोरी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा और उद्योग जगत में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा। स्मार्टफोन 5000 द्धद्ध बैटरी और टाईप-सी चार्जिंग के साथ यूज़र को निर्बाध एवं सहज अनुभव प्रदान करता है। इस लॉन्च पर बात करते हुए श्री अरीजीत तालपात्रा, सीईओ, आईटेल इंडिया ने कहा,''हम साल 2024 में प्रवेश कर रहे हैं, हम किफायती दामों पर इनोवेशन्स, बेजोड़ फीचर्स, स्टाइलिश लुक एवं आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ अपने उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उद्योग जगत में अग्रणी 256 जीबी स्टोरेज, 12 जीबी रैम और आकर्षक 6.6 इंच डिस्प्ले एवं डायनामिक बार टेक्नोलॉजी से युक्त आईटेल ए70स्मार्टफोन का लॉन्च हमारे आधुनिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। हमें खुशी है कि एक बार फिर से हम एंट्री-लैवल के स्मार्टफोन सेगमेन्ट में परफोर्मेन्स के नए मानक स्थापित करने जा रहे हैं।' ज़्यादा मैमोरी और लम्बी चलने वाली 5000 द्धद्ध बैटरी, 6.6 इंच एचडी प्लस डिस्प्ले और इंटरैक्टिव डायनामिक बार इसे खास बनाते हैं। इसके इंटेलीजेन्ट नोटिफिकेशन तथा फोन कॉल के दौरान एलर्ट, चार्जिंग सैशन पर अपडेट और फेस अनलॉक जैसे फीचर्स यूज़र को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते हैं। आईटेल ए70 5 जनवरी से रु 7299 की आकर्षक कीमत पर ऑनलाईन एवं ऑफलाईन स्टोर्स में चार शानदार रंगों- फील्ड ग्रीन, अज़ूरे ब्लू, ब्रिलिएन्ट गोल्ड और स्टारलिश ब्लैक में उपलब्ध होगा।

## सोनी इंडिया ने की धावकों और एथलीटों के लिए डिज़ाइन किए गए नए नो-प्रेशर वायरलेस स्पोर्ट्स हेडफ़ोन फ्लोट रन की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोनी इंडिया ने आज धावकों (रनर) को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किए गए वायरलेस स्पोर्ट्स हेडफोन के एक नए मॉडल की घोषणा की। सोनी फ्लोट रन डब्ल्यूआई-ओई610, एक नवोन्मेषी हेडफ़ोन स्टाइल है। यह स्पीकर को पास रखता है, लेकिन ईयर कनाल को स्पर्श किये बगैर, आवाज़ का एक समृद्ध अनुभव प्रदान करते हुए कान को सुरक्षित रूप से खुला छोड़ देता है। फ़्लोट रन हेडफ़ोन आवाज़ की गुणवत्ता से समझौता किए बिना आरामदायक और स्थिर अनुभव के लिए, धावक के फॉर्म पर ध्यान केंद्रित करता है। फ्लोट रन, धावकों या एथलीटों को महत्वपूर्ण सुविधाएं प्रदान करता है, जिसमें एक लचीले नेकबैंड के साथ हल्के वजन वाला डिज़ाइन शामिल है जो चलते समय फिसलता नहीं है और दबाव-मुक्त डिज़ाइन है, जो कानों से दूर रहता है, इसलिए धावकों को अब पसीने या रगड़ के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है, जो उनके वर्कआउट के आड़े आता है। इस उत्पाद को क्राउडफंडिंग ने खूब सराहा है, जिसके कारण इसका आधिकारिक लॉन्च हुआ। एक विशेष ऑफ-ईयर डिज़ाइन के साथ, धावकों को अपने कानों पर दबाव या भरेपन के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं होगी। ज़्यादा आराम के लिए, ये वायरलेस स्पोर्ट्स हेडफ़ोन पहनने वाले के कानों पर बैठते हैं, ताकि वे बिना किसी व्यवधान के लंबे समय तक आराम का आनंद ले सकें। इसके अतिरिक्त, फ्लोट रन हेडफ़ोन का वजन केवल लगभग 33 ग्राम होता है, ताकि धावक अपने परिवेश पर ध्यान केंद्रित कर सकें। स्थिर और सुरक्षित होने के लिए डिज़ाइन किया गया, फ़्लोट रन हेडफ़ोन धावक के चलते रहने के बावजूद अपनी जगह पर बने रहेंगे। सिर के आकार और हेयर स्टाइल की एक विस्तृत श्रृंखला पर परीक्षण किया गया, नेकबैंड के लचीले डिज़ाइन के कारण हेडफोन धावक के साथ रहेगा। इसके अतिरिक्त, फ्लोट रन हेडफ़ोन का परीक्षण टोपी और धूप के चश्मे सहित सहायक उपकरणों के साथ किया गया। जो भी पहना जाए, स्टेबलाइजिंग नेकबैंड उन्हें सुरक्षित रखेगा।

# भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया महिला क्रिकेट : ऑस्ट्रेलिया वनडे में सर्वोच्च स्कोर तक पहुंचा, भारत पर 190 रन से जीत




**मुंबई (एजेंसी)।** यहां के वानखेड़े स्टेडियम में फोबे लीचफील्ड और कप्तान एलिसा हीली ने ओपनिंग विकेट के लिए 189 रन बनाए, जिससे ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने भारत के खिलाफ अपना सर्वोच्च स्कोर 338/7 बनाया और फिर मेजबान टीम को 148 रन पर आउट कर तीसरा और अंतिम वनडे मैच 3-0 से क्लीन स्वीप करते हुए 190 रन से जीत लिया। फोबे के स्टाइलिश 119 और हीली के शानदार 82 रनों ने ऑस्ट्रेलिया को 7 विकेट पर 338 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया और इस प्रारूप में भारत के खिलाफ सबसे बड़े स्कोर का एक नया रिकॉर्ड बनाया, जिसने 2018 में 7 विकेट पर 332 रन के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। जवाब में, स्कोरबोर्ड के दबाव के साथ-साथ जॉर्जिया वेयरहैम (3-23), एनाबेल सदरलैंड (2-9), अलाना किंग (2-21) और मेगन स्कट (2-23) की अच्छी गेंदबाजी के कारण भारतीय पारी आगे बढ़ने में विफल रही। मेजबान टीम 32.4 ओवर में 148 रन पर आउट हो गई, जो वनडे विश्व कप विजेताओं के लिए उनकी सबसे खराब हार में से एक थी। यास्तिका भाटिया (6) और स्मृति मंधाना (29) ने पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े, लेकिन ये दोनों जल्दी-जल्दी आउट हो गईं। ऋचा घोष, जिन्होंने दूसरे वनडे में 96 रन बनाए और भारत तीन रन से हार गया, 19 रन बनाकर आउट हो गईं और भारत 57/3 पर सिमट गया। जेमिमा रोड्रिग्स (25) और दीप्ति शर्मा (नाबाद 25) ने स्कोर को आगे बढ़ाया, लेकिन छह बल्लेबाज दोहरे आंकड़े तक भी पहुंचने में नाकाम रहे, क्योंकि मेजबान टीम ने बल्ले से खराब प्रदर्शन किया। एनाबेल सदरलैंड ने 30वें ओवर में लगातार गेंदों पर दो विकेट लिए, जिससे भारत का स्कोर 135/9 हो गया। युवा सनसनी फोबे ने 125 गेंदों पर शानदार 119 रन बनाए, जो दूसरे मैच में उनकी पिछली 63 रनों की पारी के बिल्कुल विपरीत था।

## करियर के आखिरी टेस्ट से पहले डेविड वॉर्नर की बेशकीमती चीज हुई चोरी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वॉर्नर की 'बैगी ग्रीन कैप' चोरी हो गई है। वॉर्नर ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने इमोशनल अपील करते हुए कहा कि जिस किसी के पास उनका कैप हो वो प्लीज उसे लौटा दे। अनुभवी सलामी बल्लेबाज, जो सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीसरे टेस्ट में अपने 12 साल के टेस्ट करियर की समाप्ति की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने एक इंस्टाग्राम वीडियो में अपनी परेशानी व्यक्त की। वॉर्नर को देखकर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह 'बैगी ग्रीन कैप' उनके लिए कितनी खास है। डेविड वॉर्नर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें उन्होंने बताया कि पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले उनकी बैगी ग्रीन कैप खो गई है। उन्होंने कहा है कि मेलबर्न से सिडनी आते हुए यह कैप चोरी हुई है। वॉर्नर के मुताबिक उन्होंने टीम होटल और एयरलाइंस का सीसीटीवी कैमरा भी जांच लिया लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ। डेविड वॉर्नर 3 जनवरी से पाकिस्तान के खिलाफ एससीजी में अपना अंतिम टेस्ट मैच खेलेंगे और इस प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया के लिए पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेंगे। टेस्ट क्रिकेट में 44.58 की औसत से अपने 8,695 रनों में से 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने घरेलू मैदान पर 49.56 की औसत से 793 रन बनाए हैं, जिसमें चार शतक शामिल हैं। दो बार के क्रिकेट विश्व कप विजेता ने सोमवार को घोषणा की कि वह वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेंगे।

## असलम, मोहित ने अपने रक्षात्मक कौशल पर खुद काम किया है, मुख्य कोच बीसी रमेश



**नोएडा (एजेंसी)।** पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच बीसी रमेश ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 10 में तेलुगु टाइटंस के खिलाफ मैच में टीम के रक्षात्मक कौशल में योगदान के लिए अपने शीर्ष रेडरों, कप्तान असलम इनामदार और मोहित गोयत की प्रशंसा की है। पुनेरी पलटन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को नोएडा में तेलुगु टाइटंस पर 54-18 से जीत दर्ज की। मैच के बारे में बात करते हुए पुनेरी पल्टन के मुख्य कोच बीसी रमेश ने कहा, हमने मैच की शुरुआत में धैर्यपूर्वक खेलने का फैसला किया। अगर हम बहुत आक्रामक होकर खेलते तो मैच करीबी हो सकता था। असलम ने मुझसे कहा कि हमें इसकी जरूरत नहीं है कि कोई भी जोखिम उठाएं और खिलाड़ी पूरे मैच के दौरान समझदारी से खेले। जबकि कप्तान असलम इनामदार और मोहित गोयत मुख्य रूप से अपनी रेडिंग क्षमताओं के लिए टीम में हैं, उन्होंने टाइटंस के खिलाफ पांच टैकल पॉइंट के साथ रक्षा इकाई में भी योगदान दिया। उनकी रक्षात्मक क्षमताओं के बारे में पूछे जाने पर, मुख्य कोच ने कहा, असलम और मोहित ने अपने दम पर रक्षकों के रूप में सुधार करने के प्रयास किए हैं। असलम ने मैच में दो या तीन बार पवन सहरावत को बोनस अंक लेने से रोका। पुणेरी पलटन इस समय आठ मैचों में सात जीत के साथ तालिका में शीर्ष पर है। इस सीज़न में टीम के जबरदस्त फॉर्म के बारे में बोलते हुए, कप्तान असलम इनामदार ने कहा, हमारी टीम मैट पर अच्छा समन्वय कर रही है। और डिफेंडर लगातार सफल टैकल कर रहे हैं। रेडर भी रक्षा इकाई का समर्थन कर रहे हैं और हमारे शिविर के भीतर आत्मविश्वास ऊंचा है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन शुरू किए

**रायपुर (एजेंसी)।** सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) एसआईयू ने अपनी प्रतिष्ठित प्रवेश परीक्षाओं केलिए आवेदन की तारीखों की घोषणा कर दी है, ये परीक्षाएं युनिवर्सिटी के संस्थानों में विभिन्न अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए ली जाती हैं। इन परीक्षाओं में शामिल हैं एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट), एसईटी- लॉ जिसे सिम्बायोसिस लॉ एडमिशन टेस्ट (एसएलएटी) कहते हैं और सिम्बायोसिस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (एसआईटीईईई)। इन परीक्षाओं का संचालन देश भर के 76 शहरों में कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट (सीबीटी) मोड में किया जाता है। वे उम्मीदवार जो इन परीक्षाओं में भाग लेना चाहते हैं वे हर टेस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ नीचे दिए गए ऑफिशियल रजिस्ट्रेशन लिंक को एक्सेस कर सकते हैं। एसईटी- जनरल (सिम्बायोसिस एंट्रेन्स टेस्ट) सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने 13 दिसम्बर 2023 को एसईटी 2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू की। इसके लिए आवेदन तकरीबन चार महीने तक जारी रहेंगे, और महत्वाकांक्षी उम्मीदवार 12 अप्रैल 2024 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। एसईटी का आयोजन रविवार 5 मई 2024 और शनिवार 11 मई 2024 को होगा। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाईट www.set-test.org/के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) की कई राज्यों और शहरों जैसे पुणे, नोएडा हैदराबाद, नागपुर और बैंगलुरू में मौजूदगी है। यह अपने सभी परिसरों में 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के माध्यम से इंटरनेशनल सूझबूझ को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के साथ कार्यरत है। ये सभी शैक्षणिक हब लाईव कम्युनिटीज़ की तरह काम करते हुए इंटरनेशनल छात्रों को भी आकर्षित करते हैं और उन्हें भारतीय संस्कृति एवं आतिथ्य का अनुभव पाने का अवसर प्रदान करते हैं।

## प्रोमो रिलीज़ हो गया! कलर्स प्रस्तुत करता है, करम राजपाल और तृप्ति मिश्रा अभिनीत एक अमर प्रेम कहानी 'कयामत से कयामत तक'

**रायपुर।** हीर रांझा, लैला मजनू और रोमियो जूलियट जैसी प्रसिद्ध कहानियों ने मौत की सीमाओं को पार करते हुए प्यार की दुनिया में अमिट छाप छोड़ी है। इन विख्यात प्रेम कहानियों के अनुरूप, कलर्स 'कयामत से कयामत तक' को प्र ?दर्शित करने की तैयारी कर रहा है, एक शाश्वत कहानी जिसमें दो दिल अपने शाश्वत प्रेम की सुनते हुए जीवन से भी आगे निकल जाती है।

## दो महीने की तेजी के बाद बाजार में देखी जा रही मुनाफावसूली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन ने मिश्रित विनिर्माण डेटा जारी किया, जिसके बाद घरेलू शेयर बाजारों को एशियाई प्रतिस्पर्धियों की तुलना में नरम रुख मिला। बंद के समय सेंसेक्स 379.46 अंक गिरकर 71,892.48 पर था, जबकि निफ्टी 76.10 अंक गिरकर 21,665.80 पर था। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के खुदरा अनुसंधान प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, पूरे सत्र के दौरान निफ्टी नकारात्मक क्षेत्र में रहा। खेमका ने कहा कि सेक्टर के लिहाज से यह मिश्रित स्थिति रही और फार्मा, तेल एवं गैस तथा धातुओं में खरीदारी देखी गई। वैश्विक बाजार यूएस एसएंडपी विनिर्माण डेटा पर प्रतिक्रिया देंगे जो मंगलवार को जारी किया जाएगा। घरेलू मोर्चे पर बाजार में लगातार दो महीने की तेज तेजी के बाद जनवरी में मुनाफावसूली देखी जा रही है। पिछले साल नवंबर में निफ्टी में 5 फीसदी और दिसंबर में 8 फीसदी की तेजी आई थी। साथ ही, बुधवार को जारी होने वाली एफओएमसी बैठक के मिनट्स और लाल सागर में बढ़ते तनाव से पहले निवेशक सतर्क हो गए। भारत बुधवार को विनिर्माण पीएमआई डेटा भी जारी करेगा। खेमका ने कहा, इस प्रकार निवेशक सप्ताह के दौरान आर्थिक आंकड़ों से संकेत लेंगे।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की बिक्री दर्ज की

**मुंबई (एजेंसी)।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी कारों की बिक्री की तेज रफ्तार बरकरार रखी है। इसने पिछले दो सालों में 1,00,000 से ज्यादा कारों की ब्रिक्री की महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर ली है। यह भारत को ध्यान में रखकर प्रॉडक्ट्स बनाने की कंपनी की रणनीति का अहम हिस्सा है। इसके तहत भारतीय बाजार के लिए बनाए गए दो विश ?वस ?तरीय प्रॉडक्ट्स कुशाक और स्लाविया लॉन्च किए गए थे। इन दोनों मॉडल की कारों की बिक्री से कंपनी को दो साल में ही यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हो गई। इससे पहले कंपनी को 1 लाख कारों की बिक्री के आंकड़े तक पहुंचने में छह साल से ज्यादा समय लगा था।

कुशाक और स्लाविया जैसी कारों की बड़े पैमाने पर लॉन्चिंग के बाद 2022 में स्कोडा ऑटो इंडिया की कारों की बिक्री ने सारे रेकॉर्ड तोड़ दिए। 2023 में सप्लाई के मुद्दों और अन्य परेशानियों की वजह से इस बिक्री की रफ्तार में थोड़ी कमी आई। इस स्थिति को पूरी तरह ठीक करने की दिशा में स्कोडा ने 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2023 तक 48,755 कारों की बिक्री दर्ज की।

स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनेबा ने बिक्री के प्रदर्शन पर अपनी बात रखते हुए कहा, 2022 में कारों की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री के बाद हमारे लिए 2023 में बिक्री की उस रफ्तार को बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण था। हमने 2023 में अपने प्रॉडक्ट्स में लगातार सुधार कर अपनी स्थिति को मजबूत बनाने की ओर ज्यादा ध्यान दिया। हमने अपने नेटवर्क का विस्तार किया और उपभोक्ता को और ज्यादा संतुष्ट करने के लिए सेल ?स और ऑफ्टर-सेल्स सर्विसेज की क्वॉलिटी में सुधार किया। यह सभी कस्टमर्स हमारी ह्यूमन टच फिलॉस्फी से जुड़े है, जिससे हम अपने उपभोक्ताओं की सभी जरूरतें पूरी करते हैं। साल की पहली छमाही तक सप्लाई में आ परेशानियों के बावजूद हमने यह सुनिश्चित किया कि हम 2023 की अंतिम छमाही का समापन सकारात्मक रूप से करेंगे। 2024 में अपनी मौजूदा रेंज के साथ हमारे पास अपने उपभोक्ताओं के लिए तरह-तरह के प्रॉडक्ट्स के विकल्प है। हमने नए प्रॉडक्ट्स की लॉन्चिंग की घोषणा भी की। इसके अलावा हम प्रॉडक्ट्स के निर्यात से अपना विकास कर रहे हैं और अपने नेटवर्क का विस्तार कर रहे हैं। कंपनी के प्रॉडक्ट्स की खरीद से उपभोक्ताओं को मिलने वाली खुशी और संतुष्टि पर हमारी पैनी नजर है। स्कोडा फैमिली में हम नए उपभोक्ताओं का स्वागत कर रहे हैं।''


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)

Phone No. 07723-223731, E-mail : eephe-mah-cg@nic.ing/12/23
क 7472/व.ले.लि./जि.ज.स्व.मि./का.अ./लो.स्वा.यां. खण्ड/2023 / महासमुन्द दिनांक 29.01.24

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (online) की निविदा आमंत्रित की जाती है।

**कार्य का नाम :-** महासमुन्द जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अन्तर्गत सिंगल विलेज / रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत नवीन नलकूप खनन कार्य।

| निविदा कमांक व दिनांक | सिस्टम निविदा कमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु. लाख |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 144/29-12-2023 | 150529 | वि.ख. महासमुन्द के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 19 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 23.17 |
| 145/29-12-2023 | 150530 | वि.ख. पिथौरा के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 35 नग नलकूप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 42.68 |
| 146/29-12-2023 | 150610 | वि.ख. पिथौरा के विभिन्न ग्रामों में 150 मिमी. व्यास के 120 मीटर गहराई के 34 नग नलकुप खनन कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | 41.46 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। 3. निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 17.01.2024 सायं 5:30 बजे तक तथा निविदा खुलने का दिनांक 24.01.2024 ।

जी - 06833/2

कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड महासमुन्द (छ.ग.)

दैनिक
# विश्व परिवार महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 05 जनवरी 2024



## जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा रायपुर

**रायपुर (विसं)।** श्रीलंका के अशोक वाटिका से अयोध्या तक शोभायात्रा निकाली जा रही है. अशोक वाटिका से भगवान श्रीराम के भक्त उनकी चरण पादुका लेकर अयोध्या जा रहे हैं. यह यात्रा आठ राज्यों से होकर निकाली जा रही है. इस दौरान रायपुर में शोभायात्रा के पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया. इस दौरान बड़ी संख्या में श्रीराम भक्त मौजूद रहे. जय श्रीराम के जयकारे के पूरा शहर गूंज उठा। यह शोभायात्रा राम वन गमन परिपथ के रास्ते से होते हुए मध्यप्रदेश जाएगी.

## संक्षिप्त समाचार

### रायपुर के नवनियुक्त कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने पदभार ग्रहण किया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जिले के नवनियुक्त कलेक्टर श्री गौरव कुमार सिंह ने आज कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया। उन्हें पूर्व कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने नये दायित्व के लिए बधाई-शुभकामनाएं दी एवं उज्वल भविष्य की कामना की। श्री सिंह ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों का परिचय प्राप्त किया और कार्यों की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि श्री सिंह 2013 बैच के अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी हैं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद श्री सिंह रायपुर जिले के 21 वें कलेक्टर हैं।

### मयंक श्रीवास्तव ने जनसंपर्क आयुक्त का पदभार ग्रहण किया, दीपांशु काबरा ने दी शुभकामनाएं



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** जनसंपर्क संचालनालय के नए आयुक्त सह संचालक श्री मयंक श्रीवास्तव ने गुरुवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। नवा रायपुर अटल नगर में जनसंपर्क संचालनालय में उन्होंने जनसंपर्क आयुक्त के साथ ही छत्तीसगढ़ संवाद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान जनसंपर्क आयुक्त श्री दीपांशु काबरा ने मयंक श्रीवास्तव को कार्यभार सौंपकर उन्हें नवीन दायित्व के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनसंपर्क संचालनालय एवं छत्तीसगढ़ संवाद के अधिकारीगण उपस्थित थे।

### छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सचिव जीआर चुरेंद्र को दी गई भावभीनी विदाई



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयोग के सचिव श्री जी. आर. चुरेंद्र को आज भावभीनी विदाई दी गई। वर्ष 2003 बैच के आईएएस श्री चुरेंद्र को राज्य शासन ने सरगुजा संभागायुक्त के पद पर पदस्थ किया है। आयोग कार्यालय में राज्य सूचना आयुक्त श्री मनोज कुमार त्रिवेदी, श्री धनवेंद्र जायसवाल ने श्री चुरेंद्र को स्मृति चिन्ह देकर उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सूचना आयोग के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

## नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने किया निर्माणाधीन "स्मार्ट रीडिंग रूम" का निरीक्षण

### विद्यार्थियों के लिए पुस्तकें, स्वल्पाहार की व्यवस्था के भी दिए निर्देश



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने मोतीबाग के समीप निर्माणाधीन स्मार्ट रीडिंग रूम का निरीक्षण भ्रमण किया। उन्होंने निर्देशित किया है कि अध्यनरत युवाओं को उनकी जरूरत की पुस्तकें, इंटरनेट कनेक्टिविटी और उत्कृष्ट वातावरण प्राप्त हो इसका ध्यान अवश्य रखें।

डॉ. सिंह ने नए कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण किया एवं आज ही नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा के साथ रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा मोतीबाग के समीप 6 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किए जा रहे स्मार्ट रीडिंग रूमका निरीक्षण भ्रमण किया। इस दौरान डी.एफ.ओ. विश्वेश राय, नगर निगम के अपर आयुक्त श्री अभिषेक अग्रवाल, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल, महाप्रबंधक (तकनीकी) श्री पी. के. पंचायती, जिला रोजगार अधिकारी श्री केदार पटेल, डिप्टी मैनेजर श्री संजय अग्रवाल, श्रीमती नेहा पटेल भी साथ थे।

कलेक्टर डॉ. सिंह ने निर्देशित किया है कि प्रतियोगी परीक्षाओं के उपयोगी जरूरी पुस्तकें, अध्यनरत युवाओं के खान-पान की व्यवस्था भी इस 600 सीटर रीडिंग रूम में साथ ही किया जाए। उन्होंने कहा कि ऊपरी तल का उपयोग भी अध्ययन हेतु प्राथमिकता से किया जाए, जिससे अधिकांश विद्यार्थियों को इस रीडिंग रूम का लाभ मिले। रीडिंग रूम का निर्माण इस माह तक पूर्ण हो जाएगा, जिसका संचालन नालंदा परिसर की तर्ज पर समिति द्वारा किया जाएगा।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती रजवाड़े ने बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का किया आकस्मिक निरीक्षण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने आज राजधानी स्थित शासकीय बालिका गृह, नारी निकेतन और सखी सेंटर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बालिकाओं और महिलाओं को हर जगह सुरक्षा का अहसास होना चाहिए, इसके लिए उचित वातावरण और आवश्यक व्यवस्था होनी चाहिए। श्रीमती रजवाड़े ने बालिकागृह की बच्चियों से बात कर उनकी दिनचर्या, पढ़ाई और अन्य विषयों पर चर्चा की। उन्होंने बालिकाओं द्वारा तैयार किए गए सजावटी सामानों को देखा और उनका हौसला बढ़ाया। श्रीमती रजवाड़े ने नारी निकेतन और सखी सेंटर पहुंचकर भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और महिलाओं की हर संभव मदद के लिए कहा।

## भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर पहुंचे रायपुर, कहा- भाजपा गरीबों का कल्याण करने वाली पार्टी



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्ट के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर शाम 5 बजे राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचे। इस दौरान उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश के लोक निर्माण विभाग मंत्री अरूण साव, उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, मंत्री ओपी चौधरी मंत्री, टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, राजीव अग्रवाल प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल, केदार गुप्ता, श्रीचंद सुंदरानी, अमित साहू, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना, किशोर महानंद, अंजय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रदेश पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री माथुर का स्वागत किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश प्रभारी ओम माथुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जब हमने प्रधानमंत्री आवास के लिए आंदोलन किया था तभी हमने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही फैसला लेंगे। बीजेपी जनकल्याण करने वाली सरकार है। गरीबों का कल्याण करने वाली सरकार है। छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने वाली सरकार है। हर विषय पर निरंतर विचार विमर्श कर फैसला लेते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने बहुत यात्राएं की है पहले भारत जोड़ो यात्रा और अब न्याय यात्रा निकाल रही है। कांग्रेस पार्टी ने किसके साथ न्याय किया है। पहले खुद अपने साथ न्याय करें। जनता उनके बारे में क्या सोच रही है, यह सभी जानते हैं। पिछले 65 सालों तक देश को एक खानदान ने लूटा ही है।

## जिस दिन गरीब सुखी होगा भारत माता का आशीर्वाद सभी देशवासियों को मिलेगा : बृजमोहन अग्रवाल

### विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर जोन-4 के वार्ड 64 में लगाया गया



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** आज दिन की दूसरी पाली में केन्द्र सरकार के लोकहितैशी विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय शिविर रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 4 के तहत डॉ. विपिन बिहार सूर वार्ड क्रमांक 64 के अंतर्गत वीरभद्र नगर सामुदायिक भवन के समीप आमजनों की सुविधा हेतु केन्द्र सरकार की पीएम स्वनिधि, पीएम विश्वकर्मा, आयुष्मान कार्ड, पीएम उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्रों को प्रत्यक्ष लाभान्वित करने के उद्देश्य से लगाया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत लगाये गये नगर निगम जोन क्रमांक 4 के तहत वार्ड नम्बर 64 के एक दिवसीय शिविर में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, संसदीय कार्य, संस्कृति पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने पहुंचकर वार्ड पार्षद एवं निगम उपनेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा, निगम आयुक्त अविनाश मिश्रा सहित पूर्व पार्षद सालिक सिंह ठाकुर, महादेव नायक, सामाजिक कार्यकर्ता संजू नारायण सिंह ठाकुर, अपर आयुक्त अभिषेक अग्रवाल, विनोद पाण्डेय, जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती, जोन 4 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, डीएमसी के.एस. पटले, कार्यपालन अभियंता पदमाकर श्रीवास सहित नगर पालिक निगम, रायपुर जिला प्रशासन सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों, गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## राज्य के युवाओं को विभिन्न विधाओं के खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा : टंकराम वर्मा

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री ने मंत्रालय में काम-काज संभाला




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में पूजा-अर्चना कर अपना कार्यभार संभाल लिया है। इसके पश्चात मंत्री श्री वर्मा ने खेल और राजस्व विभाग के विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने खेल प्रतिभागियों के लिए मूलभूत सुविधाओं के विकास, इसकी गतिविधियों और उपलब्ध खेल संस्थानों की जानकारी ली। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि राज्य के युवाओं को विभिन्न विधाओं के खेल के लिए बेहतर अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य के सभी खेल मैदानों का समतलीकरण के साथ-साथ मैदानों को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के पर्याप्त अवसर मिले। ग्रामीण स्तर पर बने खेल क्लबों का पंजीयन करने के निर्देश उन्होंने दिये। इन खेल क्लबों को आवश्यकतानुसार अनुदान भी दिया जा सकेगा। खेल विभाग के बजट की जानकारी लेकर खेल गतिविधियों में तेजी लाने के यथाशीघ्र बजट प्रस्तुत करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। श्री वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा करते हुए राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।समय सीमा में निराकृत नही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी।

इस मौके पर विभागीय सचिव श्री भुवनेश यादव, विशेष सचिव श्री रमेश शर्मा, संयुक्त सचिव श्रीमती हिना अनिमेष नेताम, खेल विभाग के सचिव श्री हिमशिखर गुप्ता, संचालक श्रीमती श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा सहित विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## इंडियन जर्नलिस्टस यूनियन मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** देश के सबसे बड़े पत्रकार संघ- इंडियन जर्नलिस्टस यूनियन से जुड़े पंजीकृत स्टेट वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रतिनिधियों ने आज शाम प्रदेश के नए मुख्यमंत्री विष्णु देव साव से मुलाकात की तथा उन्हें नववर्ष की बधाइयाँ दी एवं पत्रकारों के हितों के लिये योजना बनाने तथा कार्यक्रमों के लिये निवेदन किया। इस अवसर पर यूनियन के राज्य अध्यक्ष पी सी रथ, महासचिव विरेन्द्र कुमार शर्मा (गुड्डु), संगठन सचिव सुधीर तंबोली आज़ाद तथा हरिमोहन तिवारी प्रतिनिधि मंडल में शामिल थे।

## शोक संदेश



### छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के वित्त विभाग में कार्यरत
### श्री नंद कुमार नेताम जी

का आकस्मिक निधन दिनांक 01 जनवरी दिन सोमवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेव घाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए दिनांक 05 जनवरी, दिन शुक्रवार को नहावन और शांति प्रार्थना कार्यक्रम निज निवास डीडीनगर रायपुर स्थित कंचन अश्व परिसर में दोपहर 2 बजे से किया जाना निर्धारित है।

**शोकाकुल परिजन :** श्रीमती दुर्गा नेताम ( पत्नी ), पूरोबी, हितेन्द्र, राजेन्द्र जीतू, भावेश, चंपालाल एवं समस्त नेताम परिवार

**दैनिक विश्व परिवार द्वारा श्री नेताम जी को भावपूर्ण श्रद्धांजलि**

## 18वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक रेलवे मुख्यालय बिलासपुर में सम्पन्न




**बिलासपुर/रायपुर ( विश्व परिवार )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 18वीं क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आज दिनांक 04 जनवरी 2024 को महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, श्री आलोक कुमार की अध्यक्षता में सौहार्दपूर्ण एवं सहयोगात्मक वातावरण में संपन्न हुई। इस बैठक में क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के 12 सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सदस्यों के अतिरिक्त दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। बैठक के प्रारम्भ में सदस्यों का स्वागत करते हुए उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) के सचिव श्री समीरकांत माथुर ने इस बैठक की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की समस्त उपलब्धियों में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आप सभी सदस्यों के सुझाव एवं सहयोग समाहित है।

बैठक में श्री आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे एवं अध्यक्ष दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ऋष्टष्ट) ने अपने उद्बोधन में माननीय सदस्यों का इस बैठक में स्वागत करते हुए यात्री सुविधाओं के विकास हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों एवं जोन की उपलब्धिओं से माननीय सदस्यों को अवगत कराया। उन्होनें कहा कि त्योहारों के मौसम में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए इस वर्ष ट्रेनों में 2800 से अधिक अतिरिक्त कोच लगाए गए, जिससे एक लाख सत्तर हजार से भी अधिक यात्रियों को कन्फ़र्म बर्थ की सुविधा प्राप्त हुई। मध्य भारत की पहली वंदे भारत ट्रेन हमारी रेलवे के बिलासपुर-नागपुर के बीच चलाई गई है। आगे उन्होने क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सभी सदस्यों से आग्रह करते हुए कहा कि रेलवे के द्वारा शुरू की गई 'यूटीएस ऑन मोबाइल' एप की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाकर रेल यात्रियों को आसानी से अनारक्षित यात्रा टिकट दिलाने में मदद करें। महाप्रबंधक ने सभी माननीय सदस्यों के साथ विचार विमर्श करते हुए कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में सुरक्षित रेल परिचालन के लिए सभी रेलकर्मी निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं। यात्री सुविधाओं एवं सेवाओं में लगातार सुधार हम सब का उद्देश्य है एवं हम सभी निष्ठापूर्वक इस उद्देश्य के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होने सभी सदस्यों के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

महाप्रबंधक के संबोधन के पश्चात् क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्यों के समक्ष उप महाप्रबंधक (सा.) एवं दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (ZRUCC) के सचिव श्री समीरकांत माथुर ने पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा उपलब्ध कराई गयी यात्री सुविधा एवं उपलब्धियों की जानकारी दी।

इस बैठक में यात्री सुविधाओं से संबंधित तथा यात्री सुविधा विकास एवं परियोजनाओं से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। माननीय सदस्यों द्वारा महत्वपूर्ण सुझावों के रूप में यात्री सुविधाओं से संबन्धित मुद्दे जिसमें में प्रमुख रुप से ट्रेनों के ठहराव, विस्तारीकरण तथा महत्वपूर्ण समपार फाटकों पर रोड ओवर ब्रिज/ रोड अंडर ब्रिज की सुविधा सहित विभिन्न यात्री सुविधाएं आदि शामिल थे।

इस बैठक का संचालन उप महाप्रबंधक (सा.) ने किया एवं सदस्यों में श्री निमाई बनर्जी, बिलासपुर, श्री संजय मित्तल, बिलासपुर (छ.ग.), श्री राजेन्द्र जग्गी, चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.), श्री लोकेश साहू, चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.), श्री वेगेंद्र कुमार सोनबर, चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.), श्री मुकेश तिवारी, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ.ग.), श्री मौनिल जैन, बालाघाट, श्री गोपाल प्रसाद अग्रवाल, रेल यात्री संघ, गोंदिया, महाराष्ट्र, श्री सत्येन्द्र सिंह ठाकुर, रेल यात्री संघ, छिंदवाड़ा, श्री अंजनी तिवारी, नैनपुर, मंडला (म.प्र.), श्री गजेन्द्र नारायण राव फुण्डे, गोंदिया, महाराष्ट्र, एवं श्री संजय हेमराज गजपुरे, नागभीड़ शामिल थे।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर



होंठों को पतला - मोटा करें और आकर्षक बनायें.
इंजेक्शन व लेसर द्वारा
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिर्टन | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354